तापमान
अधिकतम 40.3 डिग्री
न्यूनतम 24.2 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, मंगलवार 1 अप्रैल 2025

13 महानदी में कई रास्ते बना कर किया जा रहा रेत का...


14 महापौर का फरमान बेअसर बूढ़ातालाब के पाथवे पर...


# जयपुर का होटल रविवि में 60 रुपए में पिलाएगा बोर्नविटा वाला दूध, 80 रुपए में सैंडविच व 110 रुपए में दोसा!

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि के कैंटीन में जयपुर का होटल छात्रों को बोर्नविटा वाला दूध पिलाएगा, लेकिन इसके लिए छात्रों को 60 रुपए चुकाने होंगे। रविवि में कोरोना काल से बंद पड़ा कैंटीन कुछ माह पूर्व प्रारंभ कर दिया गया था। रविवि ने इसके लिए टेंडर आमंत्रित किया था। निर्धारित प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद जयपुर के संस्कार होटल को इसका ठेका दिया गया है। पूर्व में रविवि द्वारा यहां परोसे जाने वाले व्यंजनों की कीमत तय नहीं की गई थी। प्रतिदिन खाद्य पदार्थों की कीमतें बदले जाने की शिकायत के बाद रविवि ने कार्यपरिषद की बैठक में कैंटीन में प्रदान किए जाने वाले व्यंजनों की कीमतें निर्धारित कर दी है।

अब कैंटीन को रविवि द्वारा निर्धारित दर पर ही खाद्य सामग्री बेचनी होगी। गौरतलब है कि जयपुर के संस्कार होटल के पूर्व रविवि अध्ययनशाला में इंडियन कॉफी हाऊस द्वारा कैंटीन का संचालन किया जाता था। पर्याप्त कमाई नहीं होने और किराया भी नहीं निकल पाने का हवाला देते हुए इंडियन कॉफी हाऊस ने रविवि ⏭ शेष पेज 14 पर

## निर्धारित कीमतों में कुछ के दाम सामान्य तो कुछ बाजार से अत्यधिक महंगे

### पकौड़ा 70 रुपए प्लेट

शैक्षणिक संस्थानों में संचालित होने वाले कैंटीन में प्रमुख रूप से विद्यार्थी ही भोजन करने जाते हैं। ऐसे में सामान्यतः कैंटीन संचालक कीमतें कम ही रखते हैं। राजधानी के अन्य महाविद्यालयों में संचालित होने वाले कैंटीन की तुलना में यहां ⏭ शेष पेज 14 पर

- रोजाना कीमतों में बदलाव करने के बाद रविवि ने कार्यपरिषद की बैठक में तय की थी कीमत



### महंगा पड़ेगा पनीर

यहां स्टूडेंड थाली जिसमें दाल-चावल, 4 रोटी और एक सब्जी शामिल है, की कीमत 60 रुपए रखी गई है। लेकिन यहां पृथक रूप से सब्जी खाना छात्रों को महंगा पड़ेगा। यहां कोई भी सब्जी 100 रुपए से कम कीमत में नहीं मिलेगी। जारी किए गए रेट लिस्ट के अनुसार, पनीर बटर मसाला 235 रुपए, पालक पनीर 210 रुपए, मटर पनीर 210 रुपए, शाही पनीर 225 रुपए प्लेट दिया जाएगा। वेज कोल्हापुरी के 170 रुपए, राजस्थानी कढ़ी के 170 रुपए और आलू-प्याज की कीमत 140 रुपए रखी गई है।

## खबर संक्षेप

### जिले के आठ डिवीजन को संभालेंगे चार एएसपी

**रायपुर।** जिले में आठ पुलिस डिवीजन को एसएसपी डॉ. लाल उमेंद सिंह के निर्देश पर चार भागों में बांटा गया है। कोतवाली, उरला डिवीजन की जिम्मेदारी एएसपी सिटी लखन पटले तथा पुरानी बस्ती, आजाद चौक (पश्चिम) दौलतराम पोर्ते, सिविल लाइंस, विधानसभा (ग्रामीण) कीर्तन राठौर तथा नवा रायपुर, माना डिवीजन (अटलनगर, नवा रायपुर) विवेक शुक्ला को दी गई है। अटलनगर नवा रायपुर को छोड़ अन्य तीन डिवीजन में चार-चार थाना क्षेत्र शामिल किए गए हैं। अटलनगर में तीन थाना क्षेत्र शामिल किए गए हैं।

### सूने मकान में चोरी, दो आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में दस दिन पूर्व सूने मकान का ताला तोड़ नकदी तीन हजार रुपए सहित एलईडी टीवी तथा अन्य घरेलू सामान चोरी करने के आरोप में पुलिस ने दो शातिर बदमाश को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का माल बरामद किया है। भाठागांव निवासी शैलेंद्र कुमार बनर्जी के सूने मकान में चोरी करने के आरोप में पुलिस ने मो. सोहेल, सद्दाम अहमद को गिरफ्तार किया है। दोनों ने शैलेंद्र के सूने मकान में 15 से 18 मार्च के बीच चोरी की थी।

### शादी का झांसा देकर रेप

**रायपुर।** आजाद चौक थाने में एक महिला ने एक युवक के खिलाफ शादी करने का झांसा देकर तीन साल तक रेप करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। खैरागढ़ निवासी 26 वर्षीय महिला ने चंद्रकुमार देवांगन के खिलाफ रेप की शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया कि चंद्रकुमर उसके खैरागढ़ स्थित मकान में किराए से रहता था। इस दौरान पहचान होने पर चंद्रकुमार ने महिला को शादी करने का झांसा देकर रायपुर सहित कई जगहों पर ले जाकर रेप किया। शादी करने दबाव बनाने पर चंद्रकुमार ने शादी करने से इंकार कर दिया।

## दिखने लगा गर्मी का असर, पारा चढ़ने के साथ पानी का संकट भी बढ़ सकता है

# गर्मी का असर, बोर सूख रहे, गंगरेल से रॉ वाटर की आपूर्ति 300 क्यूसेक पहुंची, मांग और बढ़ेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर


प्रदेश के साथ अब राजधानी रायपुर में गर्मी का असर दिखने लगा है। पखवाड़ेभर पहले जहां शहर में प्रतिदिन 200 से 250 क्यूसेक रॉ वाटर की खपत होती थी, अब उसकी मात्रा बढ़कर 300 क्यूसेक तक जा पहुंची है। यानी गंगरेल डेम से शहर के लिए रोजाना 50 क्यूसेक रॉ वाटर अधिक खरीदना पड़ रहा है। जल विभाग के अधिकारियों का कहना है, आने वाले दिनों में गर्मी तेज होने पर यह मात्रा और बढ़ सकती है। इधर, गर्मी बढ़ने के साथ साथ शहर के कई इलाकों में बोर का पानी नीचे उतर रहा है। कई इलाकों में पानी 100 फीट से ज्यादा नीचे जा चुका है।

नगर निगम के जल विभाग के फिल्टर प्लांट से शहर की 45 नई व पुरानी पानी टंकियों के जरिये प्रतिदिन अब 300 एमएलडी शुद्ध पीने के ⏭ शेष पेज 14 पर

### कई इलाकों में जलस्तर 100 फीट से नीचे

#### 500 नग लिक्विड क्लोरीन सिलेंडर क्रय करने टेंडर, रेट ज्यादा इसलिए रीटेंडर

शहरभर में सालभर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था निरंतर बनाये रखने नगर निगम के जल विभाग ने 500 नग लिक्विड क्लोरीन सिलेंडर के लिए ऑनलाइन टेंडर किया था। इसमें नागपुर और राजनांदगांव की एजेंसी ने निविदा भरी। रेट ज्यादा होने के कारण इसके लिए रीटेंडर किया गया है। 10 दिन बाद टेंडर खुलने पर क्लोरीन सिलेंडर के लिये एजेंसी तय कर नियम अनुसार खरीदी की जायेगी।



### अंतिम दिनों में झेलनी होगी 43-44 डिग्री गर्मी, अप्रैल की शुरुआत बदलते मौसम के साथ

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के लोगों को अप्रैल के अंतिम दिनों में 43-44 डिग्री की गर्मी झेलनी होगी। दूसरे पखवाड़े से गर्मी का प्रकोप और बढ़ने का अनुमान है और दोपहर बाद लू जैसी स्थिति रहने के आसार हैं। अभी अप्रैल की शुरुआत बदलते मौसम के साथ होने की गुंजाइश है और बुधवार, गुरुवार को रायपुर समेत कई शहरों में बादल, अंधड़ के साथ छींटे पड़ सकते हैं। मार्च के अंतिम दिनों में गर्मी ने खासा असर दिखाया था और अधिकतम तापमान 41 डिग्री तक पहुंच गया था। पिछले तीन दिन से इसमें थोड़ी कमी आई है, गर्मी 40 डिग्री के आसपास घूम रही है। सोमवार को भी गर्मी की तीव्रता थोड़ी कम रही। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अप्रैल के अंतिम दिनों में गर्मी का प्रकोप जोरदार रहता है और ⏭ शेष पेज 14 पर

- दूसरे पखवाड़े के बाद दोपहर में लू जैसी स्थिति रहने के आसार

# सोना पहली बार 93 हजार पार, नए साल में 15 हजार बढ़े दाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सोने की कीमत नए साल में बहुत तेजी से बढ़ रही है। नए साल में अब तक करीब 15 हजार रुपए दाम बढ़ चुके हैं। सोना पहली बार 93 हजार रुपए पार हो गया है। राजधानी रायपुर में सोमवार को बाजार खुला तो 24 कैरेट सोने के दस ग्राम की कीमत जीएसटी के साथ 93100 रुपए हो गई। अब कभी भी कीमत 94 हजार के भी पार हो जाएगी। इस साल सोने की कीमत एक लाख तक जाने की संभावना है। चांदी की कीमत सोमवार को एक लाख दो हजार रही। जबकि शनिवार को बाजार बंद होने पर इसकी एक लाख तीन हजार आठ सौ रुपए थी। चांदी की कीमत जहां 18 सौ रुपए कम हुई है, वहीं सोने की कीमत में नौ सो रुपए का इजाफा हुआ है। शनिवार को सोना 92200 रुपए था।

नए साल में पहले ही दिन से सोने की कीमत में इजाफा होना प्रारंभ हुआ। 31 दिसंबर 2024 को कीमत 78400 रुपए थी, 1 जनवरी को कीमत 79 हजार रही। 7 जनवरी को कीमत 80 हजार पहुंची। इसके बाद एक सप्ताह में कीमत 81 हजार के पार हो गई। फिर एक सप्ताह के बाद कीमत 82 हजारी हुई और अंतिम सप्ताह में पहले कीमत 83 हजारी हुई और ⏭ शेष पेज 14 पर

### चांदी की कीमत भी एक लाख पार



# रजिस्ट्री में बूम, टूटा रिकार्ड

*पंजीयन कार्यालय में मार्च के अंतिम दिन रजिस्ट्री कराने टूट पड़ी भीड़*

## *चार दिन में 38 करोड़ की कमाई आखिरी दिन रात तक रौनक*

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतिम माह के अंतिम दिन 31 मार्च को भी पंजीयन कार्यालय में रजिस्ट्री कराने वालों की भीड़ टूट पड़ी। नए वित्तीय वर्ष की पहली तारीख यानी एक अप्रैल को कलेक्टर की नयी गाइड लाइन जारी होती है, जिससे रजिस्ट्री महंगी होने की संभावना बनी रहती है। इसे देखते हुए लोग क्लोजिंग महीने में हर बार सबसे ज्यादा रजिस्ट्रियां कराते हैं, जिससे रजिस्ट्री और उससे विभाग को होने वाली आय का रिकार्ड भी टूटता है। यह रिकार्ड इस बार भी टूटा है। पिछले चार दिन में रायपुर में 1823 रजिस्ट्रियां हुई हैं, जिससे 38 करोड़ 70 लाख 65 हजार 175 रुपये की आय हुई है। पूर्व वर्ष में इन चार दिनों में 1341 रजिस्ट्रियां हुई थीं, जिससे 20 करोड़ 14 लाख 47 हजार 982 रुपए की आय हुई थी। इस तरह इस बार 482 रजिस्ट्रियां अधिक हुई हैं तथा 18 करोड़ 56 लाख 17 हजार 193 रुपए की ⏭ शेष पेज 14 पर



### टारगेट से 17 करोड़ अधिक कमाई

पंजीयन मुख्यालय से इस वित्तीय वर्ष में रायपुर जिले को 11 सौ करोड़ रुपए का टारगेट मिला है। इसमें रायपुर कार्यालय को 790 करोड़ रुपए का टारगेट दिया गया था। विभागीय अधिकारी के अनुसार रायपुर कार्यालय ने इस टारगेट को 29 मार्च को ही पूरा कर लिया था, वहीं 30 मार्च को टारगेट से आगे बढ़कर 17 करोड़ रुपए से अधिक कमाई भी हो चुकी है। इस तरह रायपुर कार्यालय में 807 करोड़ रुपए की रजिस्ट्री हो चुकी हैं। यह आंकड़ा अंतिम दिन की रजिस्ट्री पूरी होने के बाद और बढ़ेगा।

### जिले में एक दिन में 16 करोड़ से अधिक की कमाई

रायपुर जिले में 30 मार्च को बंपर रजिस्ट्री हुई हैं। इस दिन 713 रजिस्ट्री हुई हैं, जिसमें 445 कलेक्टोरेट स्थित रायपुर कार्यालय में हुई हैं। इन रजिस्ट्रियों से कुल 16 करोड़ 12 लाख 25 हजार 81 रुपए की आय हुई है, जिसमें पंजीयन फीस 58428805 रुपए एवं स्टाम्प ड्यूटी 102796276 रुपए है। इसी प्रकार 27 से 30 मार्च के दौरान कुल 1823 रजिस्ट्रियां हुई हैं, जिससे पंजीयन फीस 140564375 रुपए व स्टाम्प ड्यूटी से 191564934 रुपए है। इस तरह कुल 387065175 रुपए की आय हुई है।




## इग्नाइट स्कूलों के लिए सीबीएसई पैटर्न पर छापे गए प्रश्नपत्र

# एक जिला और प्रश्नपत्र दो! छापे गए सीबीएसई और सीजी बोर्ड आधारित अलग-अलग पर्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

14 साल बाद प्रदेश में पांचवी-आठवीं की केंद्रीकृत परीक्षाएं प्रारंभ की गई है। जिला स्तर पर इन कक्षाओं के लिए प्रश्नपत्र का प्रकाशन हो रहा है, लेकिन यह पहली बार है जब एक ही जिले में एक ही कक्षा के लिए दो तरह के प्रश्नपत्र छापे जा रहे हैं। वह भी तब, जब जिन विद्यालयों के लिए अलग-अलग प्रश्नपत्र छापे जा रहे हैं, उन्हें एक ही बोर्ड से मान्यता प्राप्त हो। ⏭ शेष पेज 14 पर

### पांचवी की परीक्षाएं समाप्त, आठवीं की आखिरी परीक्षा 3 अप्रैल को

#### 2017 में प्रारंभ हुए थे इग्नाइट विद्यालय

शैक्षणिक सत्र 2017-18 में भाजपा शासनकाल में इग्नाइट विद्यालय प्रारंभ किए गए थे। प्रदेश को शिक्षा के आधार पर 180 ब्लॉक में बांटा गया है। प्रत्येक ब्लॉक में दो इग्नाइट स्कूल खोले गए थे। ⏭ शेष पेज 14 पर

CGBSE CBSE

### निजी स्कूलों ने जताई नाराजगी

प्रदेश में कई निजी विद्यालय ऐसे हैं, जहां सीबीएसई पैटर्न से पढ़ाई होती है किंतु मान्यता सीजी बोर्ड की प्राप्त है। केंद्रीकृत परीक्षा की घोषणा होने के बाद सीजी बोर्ड सिलेबस से परीक्षाएं लिए जाने को लेकर निजी विद्यालयों ने अपनी समस्याएं जाहिर की थी। शासन के फैसले के विरुद्ध वे कोर्ट गए थे, जहां केंद्रीकृत परीक्षा में शामिल होने अथवा नहीं होने का चुनाव करने की छूट निजी विद्यालयों को प्रदान की गई। निजी विद्यालय संघ के अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने कहा कि जब वे दो तरह से प्रश्नपत्र छाप रहे हैं तो निजी विद्यालयों को भी सीबीएसई पैटर्न पर आधारित प्रश्नपत्र बांटे जा सकते थे। इससे उन्हें पूर्व में हुई परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता।

**खबर संक्षेप**



### गाय ने दो बछड़ों को दिया जन्म

**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम सगुनी में दुलारी यदु के घर मे एक गाय ने दो बछड़ो को जन्म दिया। दोनों बछड़े पूरी तरह स्वस्थ है। जैसे ही गांव वालों को खबर मिली तो लोग उत्सुकता के साथ देखने गए।

### मोदी की गारंटी का छग में अता-पता नहीं : संतोषी

**मंदिर हसौद।** रायपुर जिला पंचायत के पूर्व सदस्य संतोषी पप्पू बंजारे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छत्तीसगढ़ आगमन पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन वादों पर कुछ नहीं कहा जो उन्होंने छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के समय मोदी की गारंटी की गारंटी में कहा था। 500 में गैस सिलेंडर सभी महिलाओं को देने की गारंटी दी थी जिसका अता पता नहीं चल रहा है, जो छत्तीसगढ़ में चुनाव बीत जाने के बाद गुब्बारे की तरह फुस्स हो गई। जो सिलेंडर कांग्रेस की सरकार में 400 में मिलता था वह अब 1000 से ज्यादा में मिलने लगा है भाजपा सरकार लगातार महंगाई बढ़ा रही है बेरोजगारी बढ़ा रही है असमानता बढ़ा रही है महिलाओं के साथ भाजपा सरकार ने ठगी की है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य संतोषी बंजारे ने आगे कहा कि आयुष्मान भारत में 10 लाख रुपया तक के इलाज फ्री करने का वादा किया था वह भी गुब्बारे की तरह फुस्स हो गया।

### रेलवे ट्रेक पर घायल 4 गायों में एक की मौत

**अभनपुर।** मेमू ट्रेन परिचालन के पहले दिन ही दुखद घटना हो गई ट्रेक पर खड़ी चार गाय ट्रेन से टकरा गई जिसमे एक गाय की मौके पर ही मौत हो गई वही तीन गाय की हड्डियां अंगभंग हो गई जिसे गौशाला मे रखा गया है उनका भी जीवित बच पाना मुश्किल है यह घटना मेमू ट्रेन अभनपुर से रवाना होने के 2 किलोमीटर आगे एरिकेशन कालोनी के पास हुई है, एरिकेशन कॉलोनी के पास पटरी की किनारे 4 गाय खड़ी थी जैसे ही लोको पायलेट ने हार्न बजाया पहली बार ट्रेन की आवाज सुनकर गाय घबराकर,इंजन के हिस्से से टकरा गई तथा एक गाय की तुरंत मौत हो गई वही 3 गाय को गौशाला मे रखा गया है वहां पर उपस्थित पशु चिकित्सक ने बताया कि गाया की हड्डियां पूरी तरह टूट गई है ,खाना पानी भी नही पी रही है तथा उनका बच पाना संभव नही है,इस क्षेत्र मे विगत 10 वर्ष बाद ट्रेन का परिचालन हुआ है जिससे गाय आवाज से परिचित नही थे तथा उनकी मौत हो गई रेलवे विभाग परिचालन के पहले पटरियो पर उचित सुरक्षा के उपाय नही किये गये जिसके वजह से यह दुर्घटना हुई है।

### वरिष्ठ पत्रकार गुलाल वर्मा को बिलासा साहित्य सम्मान

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार गुलाल वर्मा को बिलासपुर की संस्था बिलासा कला मंच ने सम्मानित किया है। पं. लालबहादुर शास्त्री स्कूल मैदान में दो दिवसीय बिलासा महोत्सव के दौरान 29 मार्च को प्रथम दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल, कार्यक्रम अध्यक्ष महापौर पूजा विधानी, विशिष्ट अतिथि विनोद सोनी एवं बिलासा कला मंच के संस्थापक डॉ. सोमनाथ यादव ने वरिष्ठ पत्रकार व साहित्यकार गुलाल वर्मा को बिलासा साहित्य सम्मान से सम्मानित किया।

### स्व.बिसाहू दास महंत की जयंती पर नेता प्रतिपक्ष ने दी श्रद्धांजलि

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने पिता स्व.बिसाहू दास महंत की जयंती के अवसर पर स्मरण कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है।

उन्होंने कहा, पिता स्व. बिसाहू दास महंत के आशीर्वाद और मार्गदर्शन के चलते समाज सेवा, जनसेवा के कार्य करने का हरसंभव प्रयास करता हूं और नाम के अनुरूप चरणों का दास बने रहने के कार्य करता हूं।

---

### भारत सरकार ने आंगनबाड़ी में फर्जीवाड़ा रोकने एवं पारदर्शिता लाने बनाया एप

# पोषण ट्रैकर एप आज से लागू, ऑनलाइन एंट्री पर योजनाओं का लाभ, कई जिलों में शुरू भी नहीं कर पाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारत सरकार ने महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों को डिजिटल करने के साथ इसमें होने वाले फर्जीवाड़ा को रोकने एवं पारदर्शिता लाने के लिए पोषण ट्रैकर मोबाइल एप्लिकेशन तैयार किया है। यह एप छग सहित पूरे देश में आज 1 अप्रैल से लागू हो जाएगा। इस एप में सभी आंगनबाड़ी केंद्रों की रिपोर्टिंग ऑनलाइन होगी, साथ ही योजनाओं का लाभ लेने वाले हितग्राही गर्भवती, शिशुवती महिलाओं के अलावा शून्य से 6 वर्ष आयु तक के बच्चों का डॉटा भी ऑनलाइन किया जाना है। इस डॉटा के आधार पर ही हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया जाना है, रायपुर जिले से प्रदेश के कई जिलों में अब तक एप में एंट्री करने की शुरुआत ही नहीं की गई है।

**एप से आंगनबाड़ी केंद्रों की रिपोर्टिंग ऑनलाइन होगी**




#### कई जिलों में बच्चों के आधार ही बने नहीं

आंगनबाड़ी केंद्रों में योजनाओं का लाभ जिन बच्चों को मिल रहा हैं, उनमें ऐसे सैकड़ों बच्चे हैं, जिनका अब तक आधार ही बन नहीं पाया है या फिर अपडेट नहीं किया गया है। कई बच्चों के आधार इसलिए नहीं बन पाए हैं कि उनका जन्म प्रमाण-पत्र ही बन नहीं पाया है। सूत्रों के अनुसार रायपुर जिले में ही आंगनबाड़ी केंद्रों के लाभांवित बच्चों में करीब 48 प्रतिशत के ही आधार बन पाए हैं। शेष बच्चों के आधार बनाने का काम जारी है।

#### एप की एंट्री व रिपोर्टिंग के आधार पर ही जारी होगा फंड

विभागीय सूत्रों के अनुसार पोषण आहार योजना के तहत हितग्राहियों के लिए फंड केंद्रांश का 60 और राज्यांश का 40 प्रतिशत के अनुपात में जारी किया जाता है। यह फंड अब एप में एंट्री हितग्राहियों की संख्या के अनुसार ही जारी होगी। इससे न केवल फंड का सही उपयोग होगा, बल्कि फर्जीवाड़ा पर भी ब्रेक लगेगा। अब तक कई आंगनबाड़ी केंद्रों में ऐसे मामले उजाकर हो चुके है।

#### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सारा काम मोबाइल एप से करेंगे

पोषण ट्रैकर एप को एक अप्रैल से लागू किया जाना है। इस संबंध में शासन की ओर से भी सभी जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों के माध्यम से आंगनबाड़ी केंद्रों के कार्यकर्ताओं को पोषण ट्रैकर एप अपने-अपने मोबाइल में डाउनलोड कर हितग्राहियों का डॉटा की एंट्री करने के निर्देश दिए जा चुके हैं।

#### हितग्राही का लाइव फोटो व आधार की होनी है एंट्री

पोषण ट्रैकर एप में हितग्राहियों के आधार के साथ लाइव फोटो भी अपलोड किए जाएंगे। इसके लिए आंगनबाड़ी केंद्रों के कार्यकर्ता अपने-अपने केंद्रों में लाभांवित होने वाले महिलाओं और बच्चों के आधार तथा उनके फोटो खींचकर कर उसकी एंट्री एप में की जाएगी। इस एंट्री के आधार पर ही हितग्राहियों को प्रति माह योजना के तहत दो बार मिलने वाली राशि एवं पोषण आहार के पैकेट का वितरण किया जाएगा। जिन हितग्राहियों का डॉटा एप में एंट्री नहीं होगा।

#### वेतन, भवन किराया, अटेंडेंस आदि की भी होगी एंट्री

एप में विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सहित सभी आंगनबाड़ी केंद्रों के पर्यवेक्षकों, सहायिका कार्यकर्ताओं के अटेंडेंस, वेतन, भवन किराया सहित अन्य सभी जानकारियों की भी एंट्री होगी। इसके आधार पर ही फंड जारी होगा। इस तरह एप से सभी के कामकाज की भी निगरानी होगी।

#### कलेक्टर बैठक में जता चुके है नाराजगी

रायपुर जिले में 27 मार्च की स्थिति में आंगनबाड़ी केंद्रों के 52 प्रतिशत बच्चों के ही आधार बनाए गए हैं, वहीं शेष 48 प्रतिशत बच्चों का आधार ही बन नहीं पाया है। इधर आज से लागू होने जा रहा पोषण ट्रैकर एप में एंट्री की प्रक्रिया भी शुरू नहीं हो पाई है। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पूर्व कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग की बैठक में पोषण ट्रैकर एप और बच्चों के आधार नहीं बनने को लेकर नाराजगी जता चुके हैं। उन्होंने 15 दिनों के भीतर बचे बच्चों का आधार और लाभांवित हितग्राहियों की एप में एंट्री करने के निर्देश दिए हैं।

---

## विश्व महिला दिवस व सम्मान समारोह का किया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

विगत दिन शुभम महिला सेवा समिति के तत्वाधान में बैकुंठ गुरु घासीदास मंदिर के पास, विश्व महिला दिवस व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था जिसमें जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शैल महेन्द्र साहू , जनपद सदस्य श्रीमती गीतांजलि घृतलहरे , ग्राम पंचायत टंडवा सरपंच श्रीमती योगिता कृष्ण कुमार वर्मा, उपसरपंच श्रीमती गीतू महेश कोशले, पंच श्रीमती मीरा बाई निर्मलकर, पंच प्रतिनिधि सरिता गेन्द्रे, भाजपा ग्रामीण महिला मोर्चा मंत्री श्रीमती गीता वर्मा जी, अध्यापिका श्रीमती पुष्पा शर्मा , श्रद्धा सागर महिला समूह, सतनाम महिला समूह व अन्य महिला समूहों के अध्यक्ष सचिव व पदाधिकारी मौजूद रहें, इस अवसर पर सभी का फूलमाला, श्रीफल,स्कार्फ गमछा से स्वागत अभिनन्दन किया, नशा मुक्त समाज निर्माण के लिये महिलाओ ने संकल्प लिया, 400 से अधिक लोगो में स्वालपहार ग्रहण किया, सतनाम भजन गायक यशवंत सतनामी का कार्यक्रम आयोजित था, इस अवसर पर, लाला राम गेंन्द्रे, गजरतन गायकवाड़ राजमहंत, अवध रात्रे, करण जोशी, डोमन जोशी,गौकरण, शिवचंद मलहरे, प्रियंका गायकवाड़ अध्यक्ष शुभम महिला सेवा समिति, संतोषी, भागबाई, भवनी, ललिता, कल्पना, दशोदा, कनक, शांति, दशरहीन, कुंजबाई, प्रियंका, हेमीन, प्यारी, मंजुला,रामबाई, नीतू, राधिका, पूर्णिमा, हिलेश्वरी, विनोद गायकवाड अध्यक्ष सतनामी समाज बैकुंठ, मोहर, जस्सा,दिनेश, डेविड, जितेंद्र, सत्यादास, चंद्रकांत, प्रिंस,संतोष, ललित, पंकज, सतीश, तेजस, मोरश्री, साक्षी, शुभम मौजूद रहें, उक्त कार्यक्रम का संचालन दिनेश गायकवाड़ (एडवोकेट ) समिति के संरक्षक, अंचल के प्रसिद्ध समाजसेवी, व लोकगायक ने किया, कार्यक्रम होने से महिलाओ में खुशी का माहौल बना हुआ है, समाज को आगे बढ़ाने में महिलाओ का विशेष योगदान है ।

---

## किशन के जगराता कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रोता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरपोंगी

विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल तरपोंगी द्वारा हिंदू नव वर्ष व चैत्र नवरात्रि के शुभारंभ अवसर पर किशन साहू नागपुर का जगराता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसे सुनने देखने बड़ी संख्या में श्रोता गण उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के अतिथि आर के रजवाड़े प्रचारक सक्षम विभाग प्रान्त संगठन मंत्री, बलराम यदु विभाग कार्यवाहक राष्ट्रीय स्वयं संघ, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि महेंद्र साहू, जनपद सदस्य देवेंद्र वर्मा, सरपंच देवकी सावन नायक, सोसायटी अध्यक्ष डॉ शोभित वर्मा, उप सरपंच डॉ. संतोष यादव, मिलेंद्र वर्मा, कृष्णा वर्मा, डोमार कोशे, सावित्री वर्मा थे। मंच का संचालन संजय यादव ने किया।



## सगुनी में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई कर्मा जयंती



**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम सगुनी में साहू समाज के द्वारा मां कर्मा की जयंती हर्षोल्लाह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गई। मां कर्मा की पूजा अर्चना के पश्चात अतिथियों का पुष्प हार चंदन तिलक श्रीफल देकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि शैल महेंद्र साहू जिला पंचायत सदस्य ने भक्त कर्मा माता की जयंती की शुभकामनाएं देते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य देवेन्द्र वर्मा, उपसरपंच ज्ञानदास मानिकपुरी ने सामाजिक जनों को संबोधित किया, दाऊ सुरेंद्र कश्यप, संपत साहू, लखना परिक्षेत्र के पूर्व अध्यक्ष हरिश्चंद्र साहू, पूर्व सरपंच बेमता तखत राम साहू, सरपंच प्रतिनिधि बाला साहू, कलानाथ साहू। कार्यक्रम की अध्यक्षता रोमलाल साहू ने किया। मंच संचालन डेरहा राम साहू व परिक्षेत्र युवा प्रकोष्ठ सचिव रामेश्वर साहू ने किया। आभार व्यक्त ग्रामीण अध्यक्ष श्री रोमलाल साहू ने किया। इस अवसर पर उत्तम साहू, संतु साहू, भागवत साहू, राजेश साहू, सीताराम साहू, मेहतरू साहू, मनोहर साहू, श्यामलाल साहू, खम्हन साहू, दिलेश्वर साहू वहीं ग्रामीण महिला अध्यक्ष संगीता साहू, नीता साहू, कल्याणी साहू, सावित्री साहू, अंजनी साहू, चेतना साहू, लक्ष्मी साहू, सावित्री साहू सहित बड़ी संख्या में समाजिक गण उपस्थित थे।

## खौली में शराब दुकान के विरोध में ग्रामीणों ने किया धरना-प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंदिर हसौद

आरंग विधानसभा के अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत ख़ौली जो अभी तक शांति का टापू था । जहां अब शासन प्रशासन ग्राम ख़ौली में नया शराब दुकान संचालित करने पर उतारू है. जिसकी सूचना सरपंच व ग्रामीणों को मिलने पर गांव में विरोध का आंधी चल पड़ा है। वही शासन प्रशासन लगातार स्थानीय जनप्रतिनिधि सरपंच पर दबाव बनाया जा रहा जिसको सरपंच राजेंद्र कुमार टंडन के नेतृत्व में गांव की महिला पुरुषों बुजुर्ग सभी शराब दुकान के विरोध में धरना प्रदर्शन किया।

वही गांव की महिलाओं पुरुष सभी ने कहा कि कल तक कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में बीजेपी के बड़े नेताओं द्वारा शराब को चुनाव पर बड़ी मुद्दा बनाकर अपना सरकार बनाए लेकिन आज बीजेपी के शासनकाल में गांव गांव में शराब भट्टी खोलने पर उतारू है. वही गांव में अब शराब भट्टी खुलने से गांव और आसपास के गांवो में भी अपराध बढ़ने लगेंगे बहन बेटियों को पियक्को का तंज झेलना पढ़ेगा। वही गांव की शांति अमन भंग हो जाएगा गांव में दारु भट्टी होने से नशाखोरी चोरी लूट घरेलू हिंसा जैसे अपराध आम बात हो जाएगी। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए ग्रामीणों द्वारा लगातार गांव में दारु भट्टी को लेकर विरोध जारी वही सरपंच का कहना है कि शासन प्रशासन द्वारा गांव में शराब दुकान खोलते है तो भट्टी के सामने ही ग्रामीणों द्वारा महिला पुरुष बच्चे बुजुर्ग सभी अनिश्चितकालीन धरने पर बैठने की बात कही।

## रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन तीन हाईवा व एक चेनमाउंटेन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



महानदी से हो रहे अवैध रेत उत्खनन और परिवहन पर प्रशासन ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई करते हुए सख्ती दिखाई है। रविवार को ग्राम कागदेही में रेत के अवैध उत्खनन की शिकायत मिलने पर प्रशासन हरकत में आया और मौके पर छापा मारकर एक चैन माउंटेन मशीन और तीन हाइवा वाहनों को जब्त कर लिया। बता दें कि आरंग एसडीएम पुष्पेंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में तहसीलदार सीता शुक्ला के नेतृत्व में राजस्व और खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की। बताया जा रहा है कि कागदेही में अवैध रूप से रैंप बनाकर महासमुंद जिले से रेत का परिवहन किया जा रहा था, जिसकी शिकायत मिलने पर प्रशासन ने तत्काल कदम उठाया। इस कार्रवाई में नायब तहसीलदार गजानंद सिदार, खनिज विभाग के सुपरवाइजर सुनीलदत्त शर्मा, वीरेंद्र बेलचंदन, जितेंद्र केशरवानी, जितेंद्र वर्मा, लुकेश वर्मा और छबि साहू समेत अन्य अधिकारियों ने अहम भूमिका निभाई। फिलहाल जब्त किए गए वाहनों और मशीनरी पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन ने साफ किया है कि अवैध रेत खनन को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।



## स्वामी आत्मानंद विद्यालय का पीएमश्री के रूप में शुभारंभ

**अभनपुर।** अभनपुर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय का पीएमश्री के रूप मे शुभारंभ किया गया, 30 मार्च को छत्तीसगढ़ आगमन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रदेश भर के 132 विद्यालयो को पीएमश्री विद्यालयों के रूप मे घोषित किया गया जिसमे अभनपुर आत्मानंद स्कूल का नाम भी शामिल है जिसका शुभारंभ शाला समिति अध्यक्ष गोयल भट्ट एवं सदस्यों द्वारा दीप प्रज्जवलन एवं पूजा अर्चना कर किया गया। इस मौके पर भाजपा जिला मंत्री संचित तिवारी, प्रदेश भाजपा मीडिया प्रभारी निशिकांत पांडे,समिति सदस्य वरुण राठी ,धनेश्वर साहू ,मृत्युंजय साहू राजेंद्र भारती, समीर यदु समेत विद्यालय प्राचार्य प्रबंधन एवं शिक्षक गण उपस्थित रहे।

## पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक में जन्मदिन मनाया

तिल्दा नेवरा t1d 02 फोटो



तिल्दा नेवरा। कर्मचारी भवन तिल्दा में छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील शाखा तिल्दा के अध्यक्ष रामावतार पांडेय की अध्यक्षता में नियमित मासिक बैठक सम्पन्न हुई। जिन साथियों का जन्मदिन मार्च महिने में पड़ता है उनका हर्षोल्लास के साथ जन्मदिन मनाया गया। सेवादास वैष्णव, तुलसीराम वर्मा, रामकुमार वर्मा और वेदन लाल पठारी ने अपने जन्मदिन कर्मचारी भवन में मनाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए संघ को धन्यवाद ज्ञापित किया। वेदन लाल पठारी ने संघ को ग्यारह सौ रूपये का अंशदान दिया।सहदेव राम साहू ने भी ग्यारह सौ रूपये की सहयोग राशि संघ को समर्पित किया।संघ के महामंत्री अभिमन्यु वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष तुलसीराम वर्मा,सचिव सेवादास वैष्णव,यशवंतकुमार वर्मा, टापलाल वर्मा,एम.आर.साहू जो परिवार सहित धार्मिक स्थलों की यात्रा से लौटे हैं संघ के अध्यक्ष रामावतार पांडेय ने इन सबका गुलाल और श्रीफल से सम्मानित किया।अपने अध्यक्षीय संबोधन में रामावतार पांडेय ने राज्य सरकार से पेंशनरों की बकाया पेंशन राशि शीघ्र जारी करने की मांग की। अभिमन्यु वर्मा ने यात्रा का विस्तृत वृतान्त पेश किया। इस अवसर पर के.एम.वर्मा,डाक्टर आर. के.वर्मा, उधो राम वर्मा, जवाहर लाल सिरमौर, घनश्याम लाल वर्मा, ईश्वर प्रसाद वर्मा,फेकू राम वर्मा,लेखराम कुंभकार सहित अनेक साथी उपस्थित थे।आभार प्रदर्शन यू.आर.वर्मा ने किया।

## छत्तीसगढ़ के जिला अध्यक्षों से रूबरू होंगे राहुल गांधी, ब्लॉक और मंडल स्तर पर लेंगे फीडबैक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में लगातार हार के बाद कांग्रेस ने अब अपने संगठन को नए सिरे से मजबूत करने की दिशा में काम करना शुरू कर दिया है। इसके तहत कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी सभी प्रदेशों के जिला अध्यक्षों से चर्चा कर जिला, ब्लाक और मंडल स्तर तक का फीडबैक ले रहे हैं।

कांग्रेस ने अब अपने संगठन को नए सिरे से मजबूत करने की दिशा में काम करना शुरू कर दिया है। राहुल गांधी 3 अप्रैल को छत्तीसगढ़ के 36 जिला संगठन के जिला अध्यक्षों से दिल्ली में चर्चा करने वाले हैं। प्रदेश के सभी जिला अध्यक्षों को इसका निमंत्रण मिल चुका है। बताया गया है कि जिला अध्यक्ष 2 अप्रैल को रवाना होंगे। अधिकतर जिला कांग्रेस की नई रणनीति के तहत आने वाले दिनों में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पॉवरफुल होंगे। ऐसी चर्चा है कि कांग्रेस हाई कमान जिला अध्यक्षों को विशेष अधिकार देने की तैयारी में है। आने वाले चुनाव में टिकट वितरण में जिलाध्यक्षों की भूमिका सुनिश्चित होगी। वहीं सांसद, विधायक और जनप्रतिनिधियों में समन्वय स्थापित करने की भी जिम्मेदारी जिला अध्यक्षों को मिलेगी।



#### 16 साल बाद हाईकमान कर रहा सीधी बात

बताया गया है कि कांग्रेस 16 साल बाद कांग्रेस के जिला अध्यक्षों को अधिक अधिकार देने के बारे में सोच रही है। जिला अध्यक्षों को अपने-अपने क्षेत्र के ब्लॉक और मंडल स्थल तक की सारी जानकारी लेकर बुलाया गया है। चर्चा के बाद कांग्रेस के गुजरात अधिवेशन में इसे पारित किए जाने की योजना है। निश्चित रूप से आने वाले दिनों में इससे संगठन को मजबूती मिलेगी।

## हनुमान मंदिर में नवरात्रि की धूम 300 ज्योति कलशों की स्थापना

**रायपुर।** मठपुरेना वाटर फिल्टर प्लांट परिसर में स्थित सर्व सिद्ध हनुमान मंदिर में चैत्र नवरात्रि का शानदार आयोजन किया गया है। मंदिर में 300 मनोकामना ज्योति कलशों की स्थापना की गई है। इस अवसर पर मंदिर में रोज जसगीतों का विभिन्न मंडलियों द्वारा प्रस्तुति दी जा रही है। मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष मोहनलाल साहू और सोमनाथ निषाद ने बताया कि मंदिर में प्रत्येक पूर्णिमा में श्रीरामचरितमनास का अखंड पाठ पिछले 30 वर्षों से आयोजित किया जा रहा है। इसके अलावा होली, दिवाली, जन्माष्टमी, शीतलाष्टमी आदि पर्वों में मंदिर में विशेष आयोजन किया जाता है। पुजारी घनश्यामदास वैष्णव ने बताया कि नवरात्रि पर पंचमी, सप्तमी में विशेष पूजा की जाएगी साथ ही अष्टमी के हवन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। इस दौरान दी दीनदयाल साहू, रामचंद्र पटेल, मुक्ति साहू, तुकाराम ध्रुव, किशोर गुरुजी, पात्रो साहू, बाबूलाल साहू महिला मंडली की बसंती मानिकपुरी ने जसगीतों की प्रस्तुति दी और माता रानी महिमा का वर्णन किया।



# नवरात्रि में निगम-मंडलों में नियुक्ति का मिलेगा भाजपा नेताओं को तोहफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में निगम, मंडलों में कुर्सी मिलने का इंतजार करने वाले भाजपा नेताओं का इंतजार अब समाप्त होने वाला है। नवरात्रि में कभी भी पहली सूची आ सकती है। बड़े निगम और मंडलों में नियुक्ति को लेकर तैयारी है। एक दर्जन से ज्यादा नामों की सूची तैयारी हो चुकी है। इस बार सूची को गुप्त रखा गया है। दिल्ली से हरी झंडी मिलते ही नामों का ऐलान होने की संभावना है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का लगातार बयान आता रहा है, नियुक्ति होगी, थोड़ा इंतजार करें। लगता है अब इंतजार की घड़ियां समाप्त होने वाली हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दौरा भी अब हो गया है। आने वाले समय में 4 और 5 अप्रैल को केंद्रीय मंत्री अमित शाह आने वाले हैं, उनके आने के पहले या फिर उनके जाने के बाद कभी भी सूची जारी हो सकती है। प्रदेश में एक बार फिर से भाजपा की सरकार बनी है। सरकार बनने के एक साल बाद जाकर निगम, मंडल और आयोगों में नियुक्ति का क्रम बीते साल से प्रारंभ हुआ है। बीते साल ही लगातार नियुक्ति करने की योजना बनी थी। तीन चरणों में नियुक्ति की योजना बनाकर पहले चरण में कुछ प्राधिकरण में नियुक्ति की गई। इसके बाद लगातार यह बात सामने आती रही कि अब निगम और मंडलों में नियुक्ति होगी। बड़े निगम,मंडलों में पहले नियुक्ति की योजना तैयार की गई। लेकिन बीते साल के अंत तक किसी भी निगम और मंडल में नियुक्ति नहीं हो सकी। कुछ आयोगों में जरूर नियुक्ति की गई है।

■ इस बार की सूची को रखा गया है गुप्त, पिछली सूची हो गई थी लीक



## नगरीय निकाय चुनाव के कारण अटका मामला

नए साल में निगम, मंडलों में नियुक्ति का मामला नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के कारण अटक गया। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने तय किया, पहले नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव हो जाए फिर इसके बाद नियुक्ति की जाएगी। निगम, मंडलों के कई दावेदारों को नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में मौका मिल गया। अब नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव निपट गए हैं तो निगम, मंडलों में नियुक्ति की तैयारी है।

### सूची रखी गई है गुप्त

भाजपा के जानकारों का कहना है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं के साथ निगम, मंडलों में नियुक्ति को लेकर चर्चा हो गई है। एक दर्जन से ज्यादा नामों पर लगभग सहमति भी हो गई है। इस बार सूची को पूरी तरह से गुप्त रखा गया है। पिछली बार की सूची लीक हो गई थी। उस सूची में बड़ा फेरबदल भी कर दिया गया है। रविवार से नवरात्रि का प्रारंभ हुआ है और पहले ही दिन यहां पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा हुई है। अब संभावना जताई जा रही है नवरात्रि में सूची कभी भी जारी कर देंगे।

---

## खबर संक्षेप



### वरिष्ठ पत्रकार गुलाल वर्मा को बिलासा साहित्य सम्मान

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार गुलाल वर्मा को बिलासपुर की संस्था बिलासा कला मंच ने सम्मानित किया है। पं. लालबहादुर शास्त्री स्कूल मैदान में दो दिवसीय बिलासा महोत्सव के दौरान 29 मार्च को प्रथम दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल, कार्यक्रम अध्यक्ष महापौर पूजा विधानी, विशिष्ट अतिथि विनोद सोनी एवं बिलासा कला मंच के संस्थापक डॉ. सोमनाथ यादव ने वरिष्ठ पत्रकार व साहित्यकार गुलाल वर्मा को बिलासा साहित्य सम्मान से सम्मानित किया। इसके अलावा बिलासा कला सम्मान से भोजराम पटेल तखतपुर व सुश्री प्रभा कटारे रायपुर तथा बिलासा सेवा सम्मान से नीरज गेमनानी शांता फाउंडेशन को नवाजा गया।

### स्व.बिसाहू दास महंत की जयंती पर नेता प्रतिपक्ष ने दी श्रद्धांजलि

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने पिता स्व.बिसाहू दास महंत की जयंती के अवसर पर स्मरण कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने कहा, पिता स्व. बिसाहू दास महंत के आशीर्वाद और मार्गदर्शन के चलते समाज सेवा, जनसेवा के कार्य करने का हरसंभव प्रयास करता हूं और नाम के अनुरूप चरणों का दास बने रहने के कार्य करता हूं। बिसाहू दास महंत मध्यप्रदेश के लिए एक भारतीय राजनीतिज्ञ थे। वे मध्यप्रदेश की प्रथम कैबिनेट के मंत्री रहे हैं, वह राज्य में कांग्रेस द्वारा निर्मित सबसे सफल विधायक थे। उन्होंने बाराद्वार का प्रतिनिधित्व किया, कोषा को व्यापार और राष्ट्रीय पटल के साथ साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी नई पहचान दिलाने का कार्य किया।

### दवा महंगी, दारू सस्ती, नई आबकारी नीति जन विरोधी

**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने राज्य सरकार द्वारा 1 अप्रैल से शराब की कीमतों में कमी किए जाने के निर्णय को जनविरोधी बताया। उन्होंने कहा सरकार को दारू की क़ीमतों को कम करने के बजाए जनहित में दवा की क़ीमतों और महंगाई से त्रस्त जनता को राहत देने राशन, तेल और रोज़मर्रा की चीजों की क़ीमत को कम करना चाहिए। नशे के कारण पहले ही आपराधिक घटनाओं में वृद्धि है। शराब की क़ीमतों को कम करने से उसकी खपत बढ़ने से आपराधिक घटना और दुर्घटनाएं भी बढ़ने से इनकार नहीं किया जा सकता।

### कोल ट्रांसपोर्टर की हत्या कांग्रेस ने बनाई जांच समिति

**रायपुर।** कोरबा के पाली थाना अंतर्गत एसईसीएल के सरायपाली बुडबुड कोयला खदान में 50 रुपए प्रति ट्रक वसूली को लेकर कोल ट्रांसपोर्टर रोहित जायसवाल की हत्या की घटना को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया के नेतृत्व में पांच सदस्यीय जांच कमेटी का गठन किया है। समिति में मोहित केरकेट्टा, पुरुषोत्तम कंवर, प्रशांत मिश्रा और मनोज चौहान को रखा गया है।

---

भारत सरकार ने आंगनबाड़ी में फर्जीवाड़ा रोकने एवं पारदर्शिता लाने बनाया एप

# पोषण ट्रैकर एप आज से लागू, ऑनलाइन एंट्री पर योजनाओं का लाभ, कई जिलों में शुरू भी नहीं कर पाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारत सरकार ने महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों को डिजिटल करने के साथ इसमें होने वाले फर्जीवाड़ा को रोकने एवं पारदर्शिता लाने के लिए पोषण ट्रैकर मोबाइल एप्लिकेशन (एप) तैयार किया है। यह एप छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में आज 1 अप्रैल से लागू हो जाएगा। इस एप में सभी आंगनबाड़ी केंद्रों की रिपोर्टिंग ऑनलाइन होगी, साथ ही योजनाओं का लाभ लेने वाले हितग्राही गर्भवती, शिशुवती महिलाओं के अलावा शून्य से 6 वर्ष आयु तक के बच्चों का डॉटा भी ऑनलाइन किया जाना है। इस डॉटा के आधार पर ही हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया जाना है, लेकिन रायपुर जिले से प्रदेश के कई जिलों में अब तक एप में एंट्री करने की शुरुआत ही नहीं की गई है। इसके कारण हितग्राहियों को भी योजनाओं के लाभ से वंचित होना पड़ सकता है।

एप से आंगनबाड़ी केंद्रों की रिपोर्टिंग ऑनलाइन होगी




हरिभूमि सरोकार

### कई जिलों में बच्चों के आधार ही बने नहीं

आंगनबाड़ी केंद्रों में योजनाओं का लाभ जिन बच्चों को मिल रहा हैं, उनमें ऐसे सैकड़ों बच्चे हैं, जिनका अब तक आधार ही बन नहीं पाया है या फिर अपडेट नहीं किया गया है। कई बच्चों के आधार इसलिए नहीं बन पाए हैं कि उनका जन्म प्रमाण-पत्र ही बन नहीं पाया है। सूत्रों के अनुसार रायपुर जिले में ही आंगनबाड़ी केंद्रों के लाभांवित बच्चों में करीब 48 प्रतिशत के ही आधार बन पाए हैं। शेष बच्चों के आधार बनाने का काम जारी है।

### एप की एंट्री व रिपोर्टिंग के आधार पर ही जारी होगा फंड

विभागीय सूत्रों के अनुसार पोषण आहार योजना के तहत हितग्राहियों के लिए फंड केंद्रांश का 60 और राज्यांश का 40 प्रतिशत के अनुपात में जारी किया जाता है। यह फंड अब एप में एंट्री हितग्राहियों की संख्या के अनुसार ही जारी होगी। इससे न केवल फंड का सही उपयोग होगा, बल्कि फर्जीवाड़ा पर भी ब्रेक लगेगा। अब तक कई आंगनबाड़ी केंद्रों में ऐसे मामले उजाकर हो चुके है, जिसमें पात्र हितग्राही से अधिक संख्या बताकर योजना के तहत मिलने वाली राशि व पोषण आहार पैकेट में गड़बड़ी की जा रही थी।

### हितग्राही का लाइव फोटो व आधार की होनी है एंट्री

पोषण ट्रैकर एप में हितग्राहियों के आधार के साथ लाइव फोटो भी अपलोड किए जाएंगे। इसके लिए आंगनबाड़ी केंद्रों के कार्यकर्ता अपने-अपने केंद्रों में लाभांवित होने वाले महिलाओं और बच्चों के आधार तथा उनके फोटो खींचकर कर उसकी एंट्री एप में की जाएगी। इस एंट्री के आधार पर ही हितग्राहियों को प्रति माह योजना के तहत दो बार मिलने वाली राशि एवं पोषण आहार के पैकेट का वितरण किया जाएगा। जिन हितग्राहियों का डॉटा एप में एंट्री नहीं होगा, उन्हें योजना का लाभ नहीं मिल पाएगा।

### वेतन, भवन किराया, अटेंडेंस आदि की भी होगी एंट्री

एप में विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सहित सभी आंगनबाड़ी केंद्रों के पर्यवेक्षकों, सहायिका कार्यकर्ताओं के अटेंडेंस, वेतन, भवन किराया सहित अन्य सभी जानकारियों की भी एंट्री होगी। इसके आधार पर ही फंड जारी होगा। इस तरह एप से सभी के कामकाज की भी निगरानी होगी।

### कलेक्टर बैठक में जता चुके है नाराजगी

रायपुर जिले में 27 मार्च की स्थिति में आंगनबाड़ी केंद्रों के 52 प्रतिशत बच्चों के ही आधार बनाए गए हैं, वहीं शेष 48 प्रतिशत बच्चों का आधार ही बन नहीं पाया है। इधर आज से लागू होने जा रहा पोषण ट्रैकर एप में एंट्री की प्रक्रिया भी शुरू नहीं हो पाई है। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पूर्व कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग की बैठक में पोषण ट्रैकर एप और बच्चों के आधार नहीं बनने को लेकर नाराजगी जता चुके हैं। उन्होंने 15 दिनों के भीतर बचे बच्चों का आधार और लाभांवित हितग्राहियों की एप में एंट्री करने के निर्देश दिए हैं।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सारा काम मोबाइल एप से करेंगे

पोषण ट्रैकर एप को एक अप्रैल से लागू किया जाना है। इस संबंध में शासन की ओर से भी सभी जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों के माध्यम से आंगनबाड़ी केंद्रों के कार्यकर्ताओं को पोषण ट्रैकर एप अपने-अपने मोबाइल में डाउनलोड कर हितग्राहियों का डॉटा की एंट्री करने के निर्देश दिए जा चुके हैं, लेकिन चालू माह में करीब 18 दिनों तक प्रदेशभर में महिला एवं बाल विकास विभाग के पर्यवेक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर आनलाइन का काम बंद कर हड़ताल पर थे, जिसके कारण एप में एंट्री का कार्य भी शुरू नहीं हो पाया। हालांकि कुछ दिनों पूर्व पर्यवेक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े से आश्वासन मिलने के बाद हड़ताल खत्म कर दी। इसके बाद से वे सभी आनलाइन काम करना शुरू कर दिए हैं।

### पोषण ट्रैकर एप से सारे काम होंगे

पोषण ट्रैकर एप 1 अप्रैल से लागू होगा। इसके बाद एप में एंट्री के आधार पर ही हितग्राहियों को योजना का लाभ मिलेगा। इसके लिए जिले में शेष बचे बच्चों के आधार बनाने से लेकर एप में हितग्राहियों की एंट्री का काम शुरू होगा। एप में शतप्रतिशत एंट्री 15 दिनों में पूर्ण किया जाना है।

- **शैल ठाकुर**, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास रायपुर

---

# पीएम के मंच से सीएम का धारा प्रवाह ओजस्वी भाषण, दिखा नया रूप

बिलासपुर की सभा में अलग अंदाज में दिखे साय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को बिलासपुर के दौरे पर थे। उन्होंने 33700 करोड़ की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। छत्तीसगढ़ बनने के बाद यह पहली बड़ी पब्लिक मीटिंग रही, जिसमें डेढ़ लाख से अधिक लोगों की भीड़ पहुंची। इसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के चाल ढाल से अलग उनका कांफिडेंस से दिया भाषण चर्चा में रहा। अभी तक वे लिखित भाषण पढ़ते थे, मगर पीएम मोदी और केंद्रीय नेताओं के सामने वे धाराप्रवाह ऐसे बोल गए कि जिसने भी सुना हैरान रह गया। भाषण में उन्होंने सियासत में चतुराई का परिचय दिया।

विष्णुदेव साय का भाषण अपने काम से ज्यादा प्रधानमंत्री मोदी पर केंद्रित रहा। उन्होंने बीजेपी सरकार के कई बड़े मुद्दों पर अपनी पीठ थपथपाने के बजाए मोदी गारंटी पर भाषण को फोकस किया। उन्होंने नक्सल मोर्चे पर मिली कामयाबी को भी सियासी चतुराई दिखाते हुए जिक्र नहीं किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह इसे पूरा लीड कर रहे हैं। पीएम मोदी का सरकार बनने के बाद यह पहला सरकारी कार्यक्रम था। पीएम मोदी ने कई दावेदारों के बीच विष्णुदेव साय को सीएम के लिए चुना। फिर विधानसभा, लोकसभा और नगरीय निकाय चुनाव में बीजेपी को सफलता मिली, उसमें नरेंद्र मोदी और मोदी गारंटी था का अहम योगदान रहा। मुख्यमंत्री ने पूरी सफलता को मोदी गारंटी से जोड़कर प्रधानमंत्री के सामने अपनी स्थिति और मजबूत कर ली। 10 मिनट के भाषण में मुख्यमंत्री ने ये काम मैंने किया है, में नहीं पड़े। मोदी जैसे लीडर के समक्ष इसे विष्णुदेव का राजनीतिक चातुर्य कहा जा जाएगा।

---

लगभग 50 हजार से अधिक देयक लगे, 48 हजार किए गए स्वीकृत

# वित्तीय वर्ष के माहांत में रायपुर-बिलासपुर कोषालय में लगे सबसे अधिक देयक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वित्तीय वर्ष के बजट से संबंधित देयक बिल अंतिम दिन भी लगे। अंतिम दिन 31 मार्च को कोषालयों में 330 देयक लगे। इनमें से 309 देयकों को स्वीकार किया गया। वहीं 21 देयकों को आपत्ति सहित संबंधित जिला कोषालयों को वापस कर दिया गया। 24 मार्च तक देयक लगाने की अंतिम तिथि थी। 24 से 31 मार्च की स्थिति में प्रदेश में 49 हजार 998 देयक लगाए गए। इनमें सबसे ज्यादा देयक 3217 जिला रायपुर कोषालय में लगाए गए। दूसरे नंबर पर बिलासपुर जिला रहा, जहां 2743 बिल लगाए गए। मार्च के अंतिम सप्ताह में विभागों द्वारा स्वीकृति जारी करने में सबसे अधिक देयक निर्माण विभागों के लगे। मार्च के अंतिम सप्ताह से कोषालयों में बिल लगने शुरू हुए, जिनमें से 48 हजार 262 देयकों को स्वीकृत किया गया। इन देयकों में से 1732 देयकों में त्रुटि के कारण जिला कोषालयों को वापस कर दिया गया। सबसे ज्यादा 129 देयक बिलासपुर जिले के वापस किए गए। बताया गया है कि इनमें से केवल 4 देयकों पर आपत्ति लगाई गई। अंतिम माह में बजट में की गई प्रावधानित राशि को लेप्स होने से बचाने विभागों की ओर से कई लंबित मामलों की स्वीकृति मार्च के अंतिम सप्ताह में दी गई । वहीं लंबित भुगतान और अन्य मामलों को अंतिम दिनों में क्लीयर किया गया। अंतिम दिन 31 मार्च को संचालनालय कोषालय नवा रायपुर से सबसे अधिक 29 देयकों को स्वीकृत किया गया।



### 24 से 27 मार्च तक देयकों की स्वीकृति

वित्त विभाग से मिली जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट से संबंधित देयक स्वीकार करने एवं ई-कुबेर के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान से संबंधित समस्त देयक कोषालयों, उपकोषालयों में प्राप्त होने की अंतिम तिथि 24 मार्च निर्धारित की गई थी। एसएनए-स्पर्श से संबंधित समस्त भुगतान के लिए देयक स्वीकृति की अंतिम तिथि 27 मार्च निर्धारित की गई है। इधर मार्च माह के अंतिम तीन दिन अवकाश को देखते हुए अंतिम तिथि के पश्चात देयक ईकोष ऑनलाइन एवं ई-पेरोल संबंधी देयक 28 मार्च तक कोषालय द्वारा आपत्ति सहित वापस किए गए बिल जमा करने कहा गया था।

### इन पर प्रतिबंध लागू नहीं

24 मार्च तक कोषालय, उपकोषालय द्वारा स्वीकार किए गए देयकों पर ली गई आपत्तियों के नियमानुसार निराकरण कर प्रस्तुत किए जाने वाले देयकों पर भी यह प्रतिबंध लागू होगा। वित्त विभाग द्वारा 24 मार्च के पश्चात यदि कोई सहमति, स्वीकृति जारी की गई है तो उन प्रकरणों पर यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा। भारत सरकार से प्राप्त राशि से संबंधित देयकों एवं विधायकों के स्वत्वों से संबंधित देयकों पर यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा। राजभवन सचिवालय, विधानसभा सचिवालय या निवास कार्यालय से संबंधित प्राप्त देयको, उच्च न्यायालय एवं अधीनस्थ न्यायालयों से संबंधित देयको पर भी उनका प्रतिबंध लागू नहीं होगा।

---

# पंडुम महोत्सव में शाह के साथ रहेंगे सीएम साय, डिप्टी सीएम शर्मा भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दो दिवसीय दौरे पर आने वाले हैं। चार अप्रैल की शाम को यहां पहुंचने के बाद वे रायपुर में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, गृह मंत्री विजय शर्मा और प्रदेश के अधिकारियों के साथ नक्सल मुद्दों पर बैठक करेंगे। इसके बाद दूसरे दिन वे दंतेवाड़ा जाएंगे, जहां पर वे पंडुम महोत्सव के समापन में शामिल होंगे।

इस कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम और गृह मंत्री विजय शर्मा, प्रदेश के दोनों आदिवासी मंत्री बस्तर के केदार कश्यप और सरगुजा के रामविचार नेताम शामिल होंगे। इसी के साथ भाजपा के प्रदेशाध्यत्क्ष और जगदलपुर के विधायक किरण देव भी रहेंगे।

केंद्रीय मंत्री अमित शाह के निर्देश के बाद प्रदेश में लगातार नक्सलियों पर एक्शन हो रहा है। श्री शाह से मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद समाप्त करने का ऐलान किया है। इसके बाद से लगातार नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई हो रही है। इस बीच अब एक बार फिर से श्री शाह का छत्तीसगढ़ आने का दौरा बना है।

### नक्सल मुद्दों की समीक्षा

अमित शाह का यहां पर तीन अप्रैल को आने का कार्यक्रम बना था, इसमें उनको दंतेवाड़ा के पंडुम महोत्सव के समापन में शामिल होना था, लेकिन अब उनका यहां पर दो दिनों का दौरा तय किया गया है। इसमें वे चार अप्रैल को रायपुर आएंगे और यहां पर आने के बाद नक्सल मुद्दों पर समीक्षा करेंगे। ऐसा माना जा रहा है श्री शाह के साथ बैठक के बाद नक्सलियों के खिलाफ एक्शन में और तेजी आएगी। श्री शाह के साथ बैठक में नक्सलियों से निपटने की रणनीति बनेगी और फिर लगातार एक्शन होगा। बैठक के बाद श्री शाह रात्रि विश्राम रायपुर में करेंगे और दूसरे दिन दंतेवाड़ा जाएंगे। वहां के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वे वापस दिल्ली जाएंगे।

---

कांग्रेस को बूथ लेबल पर कैसे मजबूत किया जाए, इस पर होगा मंथन

# छत्तीसगढ़ के जिला अध्यक्षों से रूबरू होंगे राहुल गांधी, ब्लॉक और मंडल स्तर पर लेंगे फीडबैक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में लगातार हार के बाद कांग्रेस ने अब अपने संगठन को नए सिरे से मजबूत करने की दिशा में काम करना शुरू कर दिया है। इसके तहत कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी सभी प्रदेशों के जिला अध्यक्षों से चर्चा कर जिला, ब्लाक और मंडल स्तर तक का फीडबैक ले रहे हैं।

कांग्रेस ने अब अपने संगठन को नए सिरे से मजबूत करने की दिशा में काम करना शुरू कर दिया है। राहुल गांधी 3 अप्रैल को छत्तीसगढ़ के 36 जिला संगठन के जिला अध्यक्षों से दिल्ली में चर्चा करने वाले हैं। प्रदेश के सभी जिला अध्यक्षों को इसका निमंत्रण मिल चुका है।



बताया गया है कि जिला अध्यक्ष 2 अप्रैल को रवाना होंगे। अधिकतर जिला कांग्रेस की नई रणनीति के तहत आने वाले दिनों में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पॉवरफुल होंगे। ऐसी चर्चा है कि कांग्रेस हाई कमान जिला अध्यक्षों को विशेष अधिकार देने की तैयारी में है। आने वाले चुनाव में टिकट वितरण में जिलाध्यक्षों की भूमिका सुनिश्चित होगी। वहीं सांसद, विधायक और जनप्रतिनिधियों में समन्वय स्थापित करने की भी जिम्मेदारी जिला अध्यक्षों को मिलेगी।

### 16 साल बाद हाईकमान कर रहा सीधी बात

बताया गया है कि कांग्रेस 16 साल बाद कांग्रेस के जिला अध्यक्षों को अधिक अधिकार देने के बारे में सोच रही है। जिला अध्यक्षों को अपने-अपने क्षेत्र के ब्लॉक और मंडल स्थल तक की सारी जानकारी लेकर बुलाया गया है। चर्चा के बाद कांग्रेस के गुजरात अधिवेशन में इसे पारित किए जाने की योजना है। निश्चित रूप से आने वाले दिनों में इससे संगठन को मजबूती मिलेगी।

### सिस्टम में बदलाव पर होगी चर्चा

बैठक का मुख्य मकसद पार्टी को बूथ लेवल पर मजबूत करना है, जहां कांग्रेस अध्यक्ष और राहुल गांधी जिला अध्यक्षों से सीधा संवाद करेंगे। पूरे देश से करीब 700 से ज्यादा जिला कांग्रेस समिति के अध्यक्ष दिल्ली पहुंच रहे हैं। बैठक में प्रस्तावित सिस्टम के बदलाव पर चर्चा होगी, इसके बाद इसे अहमदाबाद में होने वाली कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में रखा जाएगा।

---

# यादव ठेठवार समाज का वार्षिक अधिवेशन



**रायपुर।** किरनापार यादव ठेठवार समाज ने रविवार को बोहरही धाम पथरी में वार्षिक अधिवेशन का भव्य आयोजन किया। प्रदेश मीडिया प्रभारी शशिकांत यदु ने बताया कि भक्तिमय माहौल में भगवान राधाकृष्ण की पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस महत्वपूर्ण अवसर पर समाज के अनेक सदस्य और पदाधिकारी उपस्थित रहे। अधिवेशन में मुख्य अतिथि प्रांताध्यक्ष राजिम महासभा गुलेंद्र यदु रहे। उन्होंने किरनापार द्वारा आयोजित वार्षिक अधिवेशन और जन्माष्टमी जैसे आयोजनों की सराहना करते हुए, किरनापार के पदाधिकारियों की कर्मठता और उत्कृष्ट कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए राज महासभा में उनके सक्रिय योगदान को भी रेखांकित किया। युवा प्रकोष्ठ महासभा राजिम के प्रांताध्यक्ष परमानंद यदु ने सामाजिक समरसता के माध्यम से समाज के संगठित होने पर बल दिया। महासभा राजिम के प्रांतीय महासचिव नरोत्तम यदु, महिला प्रकोष्ठ महासभा राजिम की प्रांताध्यक्ष ललिता यदु, रायपुर राज के अध्यक्ष संतोष यदु, किरनापार के अध्यक्ष कुलेश्वर यदु ने भी अपना संबोधन दिया। अंत में किरनापार पार के अध्यक्ष कुलेश्वर यदु ने सभी अतिथियों, पदाधिकारियों और सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### संजय तिवारी बने दुर्ग विवि के कुलपति, साक्षात्कार के तीन माह बाद घोषणा



**रायपुर।** संजय तिवारी को दुर्ग विवि का नया कुलपति नियुक्त किया गया है। वे वर्तमान में मध्यप्रदेश के ओपन विवि के कुलपति हैं। इसके पूर्व वे पं. रविशंकर शुक्ल विवि के प्रोफेसर इलेक्ट्रॉनिक्स एवं फोटोनिक्स अध्ययनशाला में बतौर विभागाध्यक्ष और प्रोफेसर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। प्रो. संजय तिवारी का ओपन विवि के कुलपति के रूप में कार्यकाल अभी समाप्त नहीं हुआ है। वे सितंबर 2022 से भोज ओपन विवि में कुलपति के पद पर कार्यरत हैं। गौरतलब है कि अक्टूबर में डॉ. अरुणा पल्टा का कार्यकाल समाप्त होने के बाद से ही दुर्ग विवि में कुलपति का पद रिक्त था। आवेदन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद जनवरी में शॉर्ट लिस्टेड कैंडिडेट्स को प्रस्तुतिकरण के लिए बुलाया गया था। इसके बाद साक्षात्कार लिया गया।

### धूमधाम से मनाया चेट्रीचंड्र झांकियों का किया स्वागत



**रायपुर।** सिंधी साहिती बिरादरी मंडल द्वारा रविवार को चेट्रीचंड्र धूमधाम से मनाया गया। इसी दौरान सिंधी साहिती बिरादरी मंडल द्वारा सारी झांकियों का स्वागत किया गया। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल, महेश दरयानी, अमर गिदवानी, सतीश थौरानी, मुरली केवलानी का स्वागत दिलीप इसरानी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मां अन्नपूर्णा, बाबा गेलाराम एवं साईं झूलेलाल की कृपा से 5 हजार लोगों ने प्रसाद रूप में छोले-चावल ग्रहण किया, रात 1 बजे तक प्रसाद वितरण चला। दिलीप इसरानी द्वारा प्रोग्राम की संपूर्ण रूपरेखा तैयार की गई थी। श्री इसरानी ने बताया इस प्रोग्राम में उनके साथियों ने उनका भरपूर सहयोग दिया, जिसमें हरि इसरानी, शंकरलाल दानवानी, सुनील अजवानी, मनोहर छुगानी, अनिल हेमानी, सोनू गोवानी, मोहन टहलयानी, विजय हेमानी, रबी जूरानी, ललित खत्री, कमल लखानी, गोविंद खेमानी, दिनेश अजवानी एवं अशोक इसरानी, अजीत मोटवानी आदि शामिल रहे।

### एमआईसी मेंबर संजना ने संतों का आशीर्वाद प्राप्त किया



**रायपुर।** नगर निगम के वार्ड क्रमांक 47 सिविल लाइंस की पार्षद तथा मेयर इन काउंसिल की सदस्य, अनुसूचित जाति-जनजाति विभाग की अध्यक्ष संजना हियाल ने महायज्ञ में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेकर वहां उपस्थित साधु-संतों से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर सामाजिक नेता अधिवक्ता भगवानू नायक और अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं ने श्रीमती हियाल का सम्मान किया। श्रीमती हियाल ने महायज्ञ की सफलता के लिए शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए सभी आयोजकों, संतों एवं समाजसेवियों का आभार जताया।

# नवरात्रि में शराब से 30 और चिकन, अंडा खाने से 75 प्रतिशत लोगों ने की तौबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रविवार से चैत्र नवरात्रि का पर्व शुरू हो गया है। नवरात्रि शुरू होने के बाद बड़ा वर्ग नानवेज के साथ शराब पीने से परहेज करता है। नवरात्रि में एक बड़ा वर्ग चिकन के साथ अंडा खाने से परहेज करता है। कुछ इसी तरह की स्थिति शराब को लेकर है। नवरात्रि में लोग शराब से ज्यादा नानवेज खाने से परहेज करते हैं। नवरात्रि के अवसर पर चिकन की खपत में 75 प्रतिशत, तो अंडा की खपत में 50 प्रतिशत तक गिरावट आती है। शराब की खपत में 30 प्रतिशत तक की गिरावट आती है।

छत्तीसगढ़ ब्रीडिंग, हेचरीज एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय ब्राम्हणकर के अनुसार राज्य में प्रति दिन पांच से छह सौ टन चिकन की खपत होती है। नवरात्रि के समय खपत सौ टन तक होती है। राज्य में प्रतिदिन पांच से छह करोड़ अंडे की बिक्री होती है। नवरात्रि में अंडे की बिक्री ढाई से तीन करोड़ तक ही रहती है। एसोसिएशन के अध्यक्ष के अनुसार नवरात्रि शुरू होने के एक दिन पूर्व से ही चिकन तथा अंडे की बिक्री में गिरावट होने लगती है। रामनवमी के बाद चिकन तथा अंडे की बिक्री सामान्य हो पाएगी।

**लोगों ने शराब से बनाई दूरी :** आबकारी विभाग के अफसरों के अनुसार राज्य में प्रतिदिन औसतन 35 से 38 करोड़ रुपए की शराब बिक्री होती है। नवरात्रि के समय शराब की बिक्री में 30 प्रतिशत तक की कमी आती है। इस लिहाज से नवरात्रि के समय शराब की बिक्री घटकर साढ़े 10 से 11 करोड़ रुपए कम होकर 25 से 27 करोड़ रुपए तक रहती है। इस लिहाज से नवरात्रि में आठ दिन में शराब बिक्री में सौ करोड़ रुपए के करीब कम राजस्व की प्राप्ति होगी।

## नौ दिन में शराब बिक्री में 100 करोड़ रुपए तक की कमी आएगी

### नानवेज की बिक्री डेढ़ माह प्रभावित

इस वर्ष 13 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन किया गया था। ब्रीडिंग, हेचरीज एसोसिएशन के अध्यक्ष के अनुसार महाकुंभ के कारण राज्य के साथ देश में चिकन, मटन, अंडे की बिक्री बुरी तरह से प्रभावित रही। ब्रीडिंग, हेचरीज एसोसिएशन के अध्यक्ष ने इसकी वजह बताते हुए कहा कि ज्यादातर लोग इस बार कुंभ स्नान करने प्रयागराज पहुंचे। जिनके यहां से लोग कुंभ स्नान करने गए थे, उनके यहां के लोगों ने अपनी धार्मिक आस्था के चलते नानवेज खाने से परहेज किया।



### इसलिए शराब की बिक्री कम प्रभावित

जानकारों के अनुसार एक बड़ा वर्ग शराब का सेवन करता है। इसमें नानवेज खाने वालों के साथ वेजिटेरियन भी शामिल है। लोग चिकन के साथ अंडा को मांसाहारी की श्रेणी में रखते हैं। इस वजह से चिकन, अंडा की बिक्री नवरात्रि में बुरी तरह से प्रभावित होती है। शराब को लेकर लोग कई तरह की सोच रखते हैं। शराब को लोग अनाज से निर्मित मानते हैं। इस वजह से एक बड़ा वर्ग नवरात्रि के साथ सभी तरह के पर्व में शराब पीने से परहेज नहीं करता। इस वजह से चिकन, अंडा की जगह शराब की बिक्री कम प्रभावित होती है।

## मशीन-हाईवा जब्त, रेत माफिया पर कस रहे शिकंजा

# महानदी में कई रास्ते बना कर किया जा रहा रेत का उत्खनन-परिवहन, कागदेही घाट में कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में रेत माफिया के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। माफिया के गुर्गे अब पर्यावरण विभाग के नियमों का मखौल उड़ाते हुए महानदी के बाहर और अंदर आवागमन के लिए रास्ता बनाकर चेन माउंटेन मशीन से रेत का जमकर उत्खनन तथा परिवहन कर रहे हैं। हरिभूमि लगातार जिले में महानदी के किनारे घाटों पर रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन किए जाने की खबर प्रकाशित करता रहा है। तीन दिन पूर्व भी आरंग और अभनपुर क्षेत्र के कुछ घाट में अवैध रूप से उत्खनन कर परिवहन किए जाने की खबर प्रकाशित की गई थी। इस खबर के दो दिन बाद रविवार को आरंग क्षेत्र के कागदेही घाट पर तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने छापामार कार्रवाई की है, जिसमें एक चेन माउंटेन मशीन एवं रेत से भरी तीन हाईवा गाड़ियों को जब्ती बनाया है। जब्ती बनाने के बाद इस मामले को खनिज विभाग के सुपुर्द कर दिया गया है।

तहसीलदार सीता शुक्ला ने बताया कि उनके नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम शाम करीब 5 बजे कागदेही घाट पहुंची। इस दौरान घाट पर एक चेन माउंटेन मशीन से रेत का उत्खनन किया जा रहा था, वहीं तीन हाईवा वाहन रेत से भरे मिले। मशीन और गाड़ियों को जब्ती बनाकर संबंधित क्षेत्र के थाना परिसर में खड़ा कराया है। उन्होंने बताया कि जिस घाट पर कार्रवाई की गई है, वहां अवैध रूप से रेत का उत्खनन किया जा रहा था। इसकी अनुमति खनिज और पर्यावरण विभाग से नहीं दी गई है। कार्रवाई के बाद इस मामले को खनिज विभाग के सुपुर्द कर दिया है। आगे की कार्रवाई खनिज विभाग करेगा। इधर खनिज विभाग ने जब्त मशीन एवं हाईवा के मालिकों के खिलाफ अर्थदंड लगाया हैं।



### नदी में जाने-आने नियम विरुद्ध बना दिए रास्ते

कागदेही घाट नदी में एक ओर जहां अवैध रूप से रेत का उत्खनन कराया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर नदी के भीतर गाड़ियों के आने-जाने के लिए कई रास्ते तक बना दिए गए हैं। इन रास्तों के बनाए जाने से नदी भी कई टुकड़ों में बंटने लगी है। इस तरह माफिया द्वारा महानदी को भी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। इसे रोकने के लिए ना ही खनिज विभाग और पर्यावरण विभाग कोई ठोस कार्रवाई कर रहा है और न ही जिला प्रशासन की ओर से अब तक कोई उचित कदम उठाया गया है।

### रात के समय अवैध उत्खनन ज्यादा

दिन की तुलना में रात में घाटों पर अवैध उत्खनन ज्यादा किया जा रहा है। यही कारण है कि रेत का परिवहन भी दिन की अपेक्षा रात में ज्यादा होने लगा है। आरंग और अभनपुर क्षेत्र में अवैध खदानों के अलावा जिन खदानों को अनुमति मिली है, उनमें भी कई खदानों में रात में उत्खनन कराया जा रहा है, जो नियम के विरुद्ध है। इधर खनिज विभाग की टीम भी रात में निरीक्षण करना बंद कर दिया है, जिसके कारण रेत माफिया इन दिनों रात में उत्खनन का धड़ल्ले से काम करा रहे हैं।

### कागदेही में अवैध उत्खनन पर की कार्रवाई

कागदेही घाट में रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा था। इस दौरान एक चेन माउंटेन मशीन एवं 3 हाईवा को पकड़कर मामले को खनिज विभाग के सुपुर्द किया है।

*- सीता शुक्ला, तहसीलदार आरंग*

# छग मनवा कुर्मी समाज का अधिवेशन 13 और 14 को

## सामाजिक नियमों पर भी होगा मंथन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज का 79 वां अधिवेशन रायपुर के इंडोर स्टेडियम में होगा। 13 और 14 अप्रैल को होने वाले इस महत्वपूर्ण अधिवेशन में कई सामाजिक नेता शामिल होंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और पूर्व सीएम भूपेश बघेल के अलावा सांसद विजय बघेल, पूर्व राज्यपाल रमेश बैस भी आएंगे।

दो दिवसीय इस महाधिवेशन की तैयारियां रायपुर के इंडोर स्टेडियम में जोरों पर हैं। कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण केंद्रीय अध्यक्ष खोड़सराम कश्यप ने सोमवार को किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस संबंध में श्री कश्यप ने कहा कि महाधिवेशन हमारे समाज के लिए ऐतिहासिक महत्व रखता है, जिसमें समाज में कई नए नियम बनाए जाते हैं और पुराने नियमों में संशोधन भी किया जा सकता है। अधिवेशन से समाज की एकता, संस्कार और प्रगति को नई दिशा मिलता है। हमारा लक्ष्य युवाओं और महिलाओं को सशक्त बनाना, शिक्षा को बढ़ावा देना और सामाजिक न्याय को मजबूती प्रदान करना है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, विजय बघेल जैसे गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति हमारे समाज के लिए गर्व की बात होगी। केंद्रीय अध्यक्ष ने बताया कि दो दिवसीय महाधिवेशन 13-14 अप्रैल को इंडोर स्टेडियम में होगा। वहीं महाधिवेशन को लेकर 10 अप्रैल केंद्रीय व राज कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई है।

### युवा-महिलाओं की बाइक रैली

13-14 अप्रैल को युवा एवं महिलाओं की बाइक रैली तथा महाधिवेशन में सामूहिक विवाह पर विचार-विमर्श किया जाएगा। इस अवसर पर केंद्रीय महामंत्री यशवंत सिंह वर्मा, कोषाध्यक्ष जोगेश्वर बघेल, राज प्रधान जगेश्वर वर्मा, सचिव संतोष आडिल, केंद्रीय महाविद्यालय अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह वर्मा, केंद्रीय महिला अध्यक्ष सरिता बघेल, युवा अध्यक्ष चंद्रकांत वर्मा और केंद्रीय सलाहकार केपी नायक सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# विशाखापट्टनम से जुड़ा हवाई संपर्क, सप्ताह में पांच दिन संचालित होगी फ्लाइट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

समर शेड्यूल के तहत सोमवार से रायपुर-विशाखापट्नम का हवाई संपर्क हो गया। दोनों शहरों की यात्रा करने वाले अब फ्लाइट के माध्यम से डेढ़ घंटे में गंतव्य तक पहुंच जाएंगे। पहले दिन इंडिगो की फ्लाइट अपने निर्धारित समय पर यहां से रवाना हुई और वापसी भी सही समय पर हुई। पहली उड़ान में 72 यात्री विशाखापट्टनम गए और वापसी में 65 रायपुर पहुंचे।

- निर्धारित समय पर रवाना हुई पहले दिन फ्लाइट

रायपुर-विशाखापट्नम की उड़ान शुरू होने का काफी समय से इंतजार किया जा रहा था। छत्तीसगढ़ के काफी लोग दो से तीन दिन की छुट्टियां मनाने विशाखापट्नम जाते हैं। एयर इंडिया की उड़ान बंद होने की वजह से हवाई संपर्क कट गया था, जो पुनः स्थापित हो गया है। इंडिगो ने इस सेक्टर में अपनी नयी उड़ान की घोषणा की थी। यह फ्लाइट सोमवार, मंगलवार, बुधवार, गुरुवार और शुक्रवार को संचालित होगी। रविवार से इंडिगो ने इंदौर, भोपाल और प्रयागराज के लिए अपनी उड़ानों की संख्या में बढ़ोतरी भी की है। ट्रैवल्स कारोबार से जुड़े सूत्रों का कहना है कि अभी गर्मी की वजह से यात्रियों की संख्या कम है, मगर आने वाले दिनों में इसमें वृद्धि होने की संभावना है। इस सेक्टर में एयरलाइंस कंपनी ने 78 सीटर विमान संचालित करने का फैसला लिया है। समर शेड्यूल जारी होने के बाद स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट में आवाजाही करने वाले विमानों की संख्या में और बढ़ोतरी हो गई है।

# लूटेरी दुल्हन मां के साथ गिरफ्तार झूठे केस में फंसा देने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बगैर तलाक लिए पांच अलग-अलग लोगों से शादी कर ब्लैकमेल करने वाली लुटेरी दुल्हन तथा उसकी मां को मुजगनहन पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है। गिरफ्तार होने के बाद दोनों मां-बेटी ने झूठे केस में फंसाने का आरोप लगाते हुए थाने में जमकर हंगामा किया। पुलिस दोनों मां-बेटी को मशक्कत के बाद कोर्ट में पेश करने ले गई।

कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने पूजा उर्फ गीतांजली तथा उसकी मां गायत्री देवांगन को गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ डाकेश्वर देवांगन ने कोर्ट में परिवाद दायर किया था। डाकेश्वर ने आरोप लगाया है कि पूजा ने अविवाहित होने का झांसा देकर सामाजिक ग्रुप में अपना बायोडाटा डाला था। बायोडाटा देख डाकेश्वर ने पूजा के साथ शादी की। शादी करने के बाद पूजा, डाकेश्वर पर अलग रहने दबाव बनाने लगी। इसके अलावा पूजा के खिलाफ डाकेश्वर ने आरोप लगाया है कि बैंक लॉकर में रखे उसकी मां तथा परिवार के अन्य लोगों के जेवर निकालकर उसने अपनी मां को दे दिए।



जेवर वापस मांगने पर पूजा तथा उसकी मां ने डाकेश्वर के साथ विवाद करते हुए प्रताड़ना के झूठे केस में फंसाने की धमकी देते हुए पांच लाख रुपए की मांग की। पैसा नहीं देने पर पूजा ने डाकेश्वर के खिलाफ वर्ष 2024 में प्रताड़ना की झूठी रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# महादेव सट्टा एप में सीबीआई जांच का दायरा बढ़ा, दर्जनभर से ज्यादा पैनल ऑपरेटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महादेव सट्टा एप को लेकर ताबड़तोड़ छापे की कार्रवाई करने के बाद सीबीआई ने जांच का दायरा बढ़ा दिया है। सूत्रों के मुताबिक जिन लोगों के यहां सीबीआई ने पिछले दिनों छापे की कार्रवाई की थी, उनको छोड़ कर महादेव सट्टा एप मामले में पूर्व में जेल से जमानत पर छूटे 15 लोगों से पूछताछ की है। इनमें पैनल ऑपरेटर से लेकर सट्टा संचालित करने वाले तथा सट्टे की रकम हवाला के माध्यम से ट्रांसफर करने वाले लोग हैं।

- सटोरियों से पूछताछ सट्टा मामले से जुड़े कई लोगों के अलग-अलग राज्यों में होने के मिले इनपुट

महादेव सट्टा एप मामले में सीबीआई की टीम ने छत्तीसगढ़ के साथ कोलकाता, भोपाल तथा दिल्ली में छापे की कार्रवाई की थी। छापे की कार्रवाई के बाद चारों जगहों से सीबीआई ने एक दूसरे के साथ जानकारी साझा की। जानकारी साझा करने पर सीबीआई को कई और महत्वपूर्ण तथ्य हाथ लगने की जानकारी सूत्रों ने दी है। उस जानकारी के बाद सीबीआई की टीम आगे की कार्रवाई तय करेगी। आने वाले दिनों में कई और लोगों पर गाज गिरने की जानकारी सूत्रों ने दी है।

### महादेव सट्टा एप मामले में सीबीआई जेल में बंद आरोपियों से लगातार कर रही पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महादेव सट्टा एप मामले की जांच सीबीआई के सुपुर्द किए जाने के बाद सीबीआई के अफसरों ने मामले की जांच तेज कर दी है। सट्टा एप के आरोप में जेल में बंद आरोपियों से सीबीआई के अफसर लगातार 12 वें दिन पूछताछ करने पहुंचे। इसके अलावा



### चार को छोड़ और कई राज्यों में इनपुट मिले

जिन चार राज्यों में सीबीआई ने छापे की कार्रवाई की है, उन राज्यों के सीबीआई अफसरों ने एक दूसरे के साथ जो जानकारी साझा की है, उनमें कई महादेव सट्टा से जुड़े लोगों के विशाखापट्टनम, कटनी, अनूपपुर, गोवा, पुणे तथा ओड़िशा के कुछ जिलों में होने के इनपुट मिले हैं। इस आधार पर सीबीआई अफसर संबंधित स्थानों में अपनी लोकल टीम के माध्यम से जानकारी एकत्रित कर रही है। जानकारी मिलने के बाद सीबीआई आगे की कार्रवाई करेगी।

### जब्त दस्तावेजों की जांच

सीबीआई ने जिन ठिकानों में छापे की कार्रवाई कर दस्तावेज के साथ इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स जब्त किया है, अफसरों ने उन दस्तावेजों की जांच शुरू कर दी है। जब्त दस्तावेजों में बड़े पैमाने पर संपत्ति संबंधित दस्तावेज शामिल हैं। संपत्ति संबंधित दस्तावेज की जांच कर संबंधित लोगों ने जो संपत्ति खरीदी की है, उस संपत्ति को खरीदी करने आय के श्रोत के बारे में जानकारी जुटा रही है। इसके अलावा सीबीआई की टीम लेन-देन की जानकारी जुटाने बैंक स्टेटमेन की जांच कर रही है।

**न्यायालय तहसीलदार गोबरा नवापारा के न्यायालय में मामला**
**क्रमांक: 202503114700056**
**मामले की श्रेणी :- राजस्व**
विषयः- अ-5 सनः- 2024 2025
मंदलोर प.ह.नं. 36 (प.ह.न. 00008),
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-
गिरजा शंकर देवांगन,
अनावेदक पक्षकार - छ.ग. शासन,

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक गिरजा शंकर देवांगन पिता बंधूप्रसाद देवांगन निवासी ग्राम मंदलोर के द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि, ग्राम मंदलोर प.ह.नं. 08 रा.नि.मं. तोरला तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 292 रकबा 0.26 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदक के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि का पुराना ख.नं. 191/1 रकबा 0.365 हे. भूमि को आवेदक विक्रेता गणेश राम पिता जैतुसाव ताम्रकार से दिनांक 26/02/1998 को क्रय किया रायपुर गया है। जिस पर आवेदक निर्विवाद रूप से दाखिल एवं काबिज है। उक्त भूमि का बन्दोबस्त सर्वेक्षण पश्चात अभिलेख तैयार करते समय उक्त भूमि का रकबा कम दर्ज कर दिया गया। जिसे आवेदक पूर्व अभिलेख, विक्रय पत्र, एवं काश्त कब्जा अनुसार उक्त बन्दोबस्त त्रुटि को सुधार किये जाने हेतु आवेदन पेश किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 07/04/2025 को नियत की गई है।

इस संबंध मे जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/ आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो आप अपने अधिवक्ता/ अधिकृत व्यक्ति या स्वयं के द्वारा, नियत दिनांक के पूर्व दावा आपत्ति पेश कर सकते है। बाद मे आये दावा/आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11/03/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
सृजन सोनकर
तहसीलदार ,गोबरा नवापारा

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पक्षकार श्री जयंत भाई टांक पिता स्व. हरी भाई टांक, निवासी- सी - 96, सेक्टर-2, देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.) के द्वारा प्रदत्त अधिकार एवं निर्देशों के तहत यह सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के छोटे पुत्र आकाश भाई टांक पिता श्री जयंत भाई टांक, निवासी - देवेन्द्र नगर, सेक्टर-2, रायपुर (छ.ग.) का व्यवहार अपने माता-पिता एवं परिवार के प्रति काफी खराब एवं आपसी मतभेद हो जाने के कारण, मेरे पक्षकार द्वारा अपने छोटे पुत्र आकाश भाई टांक को अपने समस्त चल-अचल सम्पत्ति से हर हमेशा से बेदखल कर दिया गया है। मेरे पक्षकार के छोटे पुत्र आकाश भाई टांक पिता जयंत भाई टांक, निवासी- सेक्टर - 2, देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.) से कोई लेन-देन, कोई संव्यवहार किया जाता है तो उसकी जवाबदारी मेरे पक्षकार की नहीं होगी। वर्तमान में मेरे पक्षकार का पुत्र अपने परिवार से विगत 1-1/2 डेढ़ वर्ष से अलग निवास कर रहा है।

सो सूचना जाने।
स्थान : रायपुर (छ.ग.)
दिनांक : 31/03/2025

**आर. के. महोबिया, देवकाँत महोबिया (अधिवक्तागण)**
**कार्यालय- लीली चौक, पुरानी बस्ती, नया मंदिर मार्ग, रायपुर (छ.ग.)**
**मो. 99268-95225, 81094-53466**

**-: आम सूचना का प्रकाशन :-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा सुश्री मंजू परिहार, पिता - राजेन्द्र सिंह परिहार, निवासी नूतन स्कूल के सामने, टिकरापारा, थाना-टिकरापारा, रायपुर (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की संपत्ति/ भवन जो कि मौजा-बोरियाखुर्द, प.ह.नं.-00071, रा.नि.मं. - रायपुर- 1, तहसील व जिला- रायपुर छ.ग. में स्थित है जिसका प्रापर्टी आईडी क्रमांक RPR652N00188, खसरा नं. 80/26, 81/10 रकबा 0.0090, 0.0090 कुल रकबा 0.0260 हेक्टेयर की एकमात्र स्वामिनी व कब्जाधारी है।

उपरोक्त संपत्ति/ भूमि को मेरी पक्षकारा द्वारा किरायानामा का निष्पादन कर किराये पर नवरंग पब्लिक स्कूल, बोरियाखुर्द, रायपुर (छ.ग.) को किराये पर दी गई थी लेकिन मेरी पक्षकारा को उक्त स्कूल द्वारा कोई भी किराया राशि अदा नहीं की जा रही है साथ ही किरायानामा की अवधि 31/03/2025 को समाप्त हो जाने के कारण मेरी पक्षकारा ने अपनी उपरोक्त उल्लेखित संपत्ति का कब्जा वापस प्राप्त कर लिया है तथा उचित कानूनी कार्यवाही करना भी प्रारंभ कर दिया है जिसके बाद दिनांक 01/04/2025 से उक्त संपत्ति/ भवन का कब्जा मेरी पक्षकारा को प्राप्त हो गया है अर्थात स्कूल का संचालन मेरी पक्षकारा के भवन /संपत्ति में बंद हो गया है जिसकी सूचना प्रकाशित की जा रही है। सो सूचना जाने।

स्थान- रायपुर, छ.ग. दिनांक- 31/03/25

**भवदीय,**
**अजय प्रताप सिंह अधिवक्ता**
**कार्यालय- ए-16, गायत्री नगर, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)**
**मो.नं. 9425501497**

### प्रभारी प्रधान पाठक प्रतिभा शर्मा सेवानिवृत्त



**रायपुर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खमतराई में कार्यरत प्रभारी प्रधान पाठक एवं समर्पित शिक्षिका प्रतिभा शर्मा 29 मार्च को सेवानिवृत्त हो गईं। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान दिया। उन्होंने छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास किए और शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके कुशल नेतृत्व में विद्यालय ने कई शैक्षिक उपलब्धियां हासिल कीं। उन्होंने न केवल छात्रों के शैक्षणिक विकास में योगदान दिया, बल्कि शिक्षकों को भी प्रेरित किया और विद्यालय के समग्र विकास में सहायक बनीं। उनकी मार्गदर्शिका के रूप में भूमिका ने विद्यालय को नई ऊँचाइयों तक पहुंचाने में मदद की।

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद

**श्री श्रेयन आयुर्वेद**
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
- बस्ति
- उत्तर बस्ति
- जानु बस्ति
इत्यादि।

**वैरिकोस वेंस & वैस्कुलर क्लिनिक**
वैरिकोज वेन्स बन सकती है गंभीर समस्या, न करें नजर अंदाज



ओपन सर्जरी के बिना इलाज
- ओपीडी/डे केयर प्रक्रिया
- बिना चीर के ऑपरेशन
- उसी दिन से दैनिक कार्य फिर से शुरू करें
- दोनों पैरों का इलाज एक ही सेटिंग में किया जा सकता है
- सबसे तेज अल्सर उपचार

VASCULAR
Dr. Prashant Pote
Vascular & Interventional Radiologist
MD DNB Radiology (Mumbai)
FVIR (TIFAC CORE)
309, तिसरी मंजील, लालगंगा बिजनेस पार्क, पचपेड़ी नाका, रायपुर, मो.: 7400628099

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# पहले दिन रायपुर-अभनपुर मेमू में 128 यात्रियों ने किया सफर, 1280 रुपए राजस्व मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

रायपुर से अभनपुर के बीच सोमवार से नियमित ट्रेन का परिचालन शुरू हो गया है। पहले दिन 500 से अधिक सीटों में से 128 यात्रियों ने 10 रुपए किराए पर 68760 मेमू ट्रेन में सफर किया, जिससे रेलवे प्रशासन को 1280 रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ। पहले दिन मेमू ट्रेन में यात्रियों का रुझान कम रहा, लेकिन रेलवे को उम्मीद है कि आने वाले समय में यात्रियों की संख्या बढ़ेगी। रायपुर से ज्यादातर लोगों ने अभनपुर और सीबीडी स्टेशन के लिए सफर किया।

रायपुर से ट्रेन 9:00 बजे रवाना हुई, जिसमें 30 से अधिक यात्री सवार थे, जबकि अभनपुर से 10:20 बजे रायपुर के लिए ट्रेन रवाना हुई, जिसमें 50 से अधिक यात्रियों ने सफर किया। जानकारी के अनुसार, पहले दिन अभनपुर से रायपुर आने वालों की संख्या अधिक रही। शाम के वक्त भी लगभग 60 से अधिक यात्रियों दोनों ओर से सफर किया।

### यह है ट्रेन का समय

68760 रायपुर से सुबह 9:00 बजे और अभनपुर से सुबह 10:20 बजे रायपुर के लिए ।

68762 रायपुर 16:20 बजे और 68763 अभनपुर से 18:10 बजे रायपुर के लिए रवाना होगी।



- गांव जाने यात्रियों ने पकड़ी रायपुर से ट्रेन, बस से जल्दी ट्रेन ने पहुंचा दिया घर
- 500 से अधिक सीटों में गिनती के यात्रियों ने किया सफर

### समय और पैसों की बचत

ट्रेन के शुरू होने से बस के जरिए रायपुर से अभनपुर जाने वाले यात्रियों के कारोबार पर असर पड़ सकता है। पहले दिन 128 यात्रियों ने बस की जगह ट्रेन को चुना। आने वाले दिनों में यह संख्या निश्चित रूप से बढ़ेगी, क्योंकि ट्रेन से न केवल यात्रियों का समय बच रहा है, बल्कि पैसे की भी बचत हो रही है। बस में जहां 30 रुपए किराया देना पड़ता है, वहीं ट्रेन में सिर्फ 10 रुपए किराया है। इसके अलावा, बस में 1 घंटा 20 मिनट का समय लगता है, जबकि ट्रेन में यात्रियों को सिर्फ 1 घंटा 10 मिनट में अभनपुर पहुंचा दिया जाता है।

### यात्रियों ने कहा- शाम 6 बजे होनी चाहिए ट्रेन

रायपुर से अभनपुर के लिए अंतिम ट्रेन शाम 4:20 को है। सोमवार को 15 लोगों ने रायपुर से सफर किया। कुछ यात्री मंदिर हसौद और सीबीडी स्टेशन से भी चढ़े। हरिभूमि से बात करते हुए यात्रियों ने कहा कि रेलवे ने ट्रेन चलाने की सुविधा का विस्तार किया है, लेकिन समय सारणी उन यात्रियों के लिए सही नहीं बैठ रही है, जो रोजाना काम के सिलसिले में अभनपुर से नया रायपुर या रायपुर जाते हैं। अभनपुर से पहली ट्रेन 11:45 को रायपुर पहुंचती है, जो नौकरीपेशा यात्रियों के लिए सही नहीं है। अगर यह ट्रेन 10 बजे रायपुर पहुंच जाए, तो बस या निजी वाहन में सफर करने वाले यात्री ट्रेन में ही सफर करना शुरू करेंगे। इसके अलावा, रायपुर से अभनपुर की अंतिम ट्रेन शाम 4:20 को है। यदि इसे 6 बजे कर दिया जाए, तो रायपुर से अधिक संख्या में दैनिक यात्री अभनपुर के लिए इस ट्रेन का इस्तेमाल करेंगे।

## खबर संक्षेप



### कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के नए अध्यक्ष एवं सचिव का चयन

**रायपुर।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में सुरेश मिश्रा अध्यक्ष चुने गए। इसी तरह सचिव पद पर राजकुमार दीक्षित ने रज्जन अग्निहोत्री को पराजित कर जीत हासिल की। इनके अलावा 19 कार्यकारिणी सदस्य भी मतदान के माध्यम से ही चुने गए। इनमें नौ महिलाएं नीता अवस्थी, आभा बाजपेयी, निशा पाण्डेय, सुनयना शुक्ला, राधा तिवारी, शीतल मिश्रा, सुधा शुक्ला और सुनयना मिश्रा शामिल हैं। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र पाण्डेय ने हर्ष जताते हुए उन्हें बधाई दी।

### सांकरा में जोड़ा जैतखाम का भव्य लोकार्पण कल

**रायपुर।** धनेली ग्राम सांकरा में नवनिर्मित जोड़ा जैतखाम का भव्य लोकार्पण समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 2 अप्रैल को दोपहर 2 बजे प्रारंभ होगा। जैतखाम लोकार्पण के अवसर पर सतनामी समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस शोभायात्रा में बाबा गुरु घासीदासजी की गद्दी स्थापना और मंगल पंथी, चौका आरती कार्यक्रम भी शामिल होगा। समारोह के मुख्य अतिथि आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब होंगे। विशेष अतिथि धरसींवा विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा, पूर्व विधायक अनिता योगेंद्र शर्मा, राजेंद्र प्रसाद भतपहरी, प्रगतिशील सतनामी समाज के प्रदेशाध्यक्ष एलएल कोसले, प्रगतिशील सतनामी समाज के संरक्षक सुंदरलाल लहरे, डॉ. मंजीत सिंह कौशल, नवीन कुमार अग्रवाल, हरिशंकर निषाद, शकुंतला दिलेंद्र सेन, डॉ. सत्यनारायण पाण्डेय आदि उपस्थित रहेंगे।

### कलिंगा विवि में प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ उद्यमिता विकास केंद्र द्वारा 5 दिवसीय प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत दो बैच संचालित किए गए, जिसमें पहला बैच 28 मार्च और दूसरा बैच 29 मार्च को कलिंगा यूनिवर्सिटी रायपुर में आयोजित किया गया। प्रत्येक बैच में 30 प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया, जो भविष्य में उद्यमिता प्रशिक्षण को नए स्तर पर ले जाने के लिए तैयार किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलिंगा यूनिवर्सिटी के कुलपति ने उद्घाटन सत्र में कहा कि वर्तमान समय में स्वरोजगार और स्टार्टअप संस्कृति को सशक्त करने के लिए प्रशिक्षित ट्रेनर्स की अत्यधिक आवश्यकता है। उन्होंने इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को छग के युवा और नवोदित उद्यमियों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। अन्य विशेषज्ञ वक्ताओं ने आधुनिक व्यावसायिक वातावरण, स्टार्टअप इकोसिस्टम, वित्तीय प्रबंधन, रणनीतियों और डिजिटल प्लेटफार्म के महत्व पर जोर दिया।

## विरोध में उतरे नागरिक, किया प्रतिकार

# महापौर का फरमान बेअसर, बूढ़ातालाब के पाथवे पर धड़ल्ले से चौपाटी निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

बूढ़ातालाब के पाथवे को घेरकर दानी स्कूल, डिग्री गर्ल्स कालेज प्रवेश मार्ग पर छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल से अनुबंधित एजेंसी द्वारा चौपाटी बनाने का चौतरफा विरोध शुरू हो गया है। सोमवार को सत्यमेव जयते फाउंडेशन, ग्रीन आर्मी संस्था और हर की पौड़ी ग्रुप ने निर्माण स्थल पर एक साथ एकजुट होकर चौपाटी निर्माण का विरोध किया। नागरिकों ने इस बात पर अचंभा जताया कि महापौर मीनल चौबे द्वारा चौपाटी को लेकर नाराजगी और हाल ही में निगम आयुक्त विश्वदीप के साथ स्थल भ्रमण के दौरान चौपाटी निर्माण बंद करने के फरमान के बाद भी ठेका एजेंसी द्वारा पाथवे पर चौपाटी निर्माण का काम धड़ल्ले से जारी है। इस बात को लेकर लोगों में नाराजगी देखी गई।

बूढ़ातालाब के पाथवे पर शैक्षणिक परिसर से लगे हिस्से में चौपाटी निर्माण के विरोध में सत्यमेव जयते फाउंडेशन, बूढ़ापारा के नागरिक, मार्निंग वॉक ग्रुप हर की पौड़ी ने सोमवार को चौपाटी निर्माण स्थल पर शासन प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराने प्रदर्शन किया। प्रोजेक्ट को रद्द कर ऐतिहासिक सरोवर को संरक्षित करने की मांग लोगों ने की। सत्यमेव जयते फाउंडेशन के प्रदेश संयोजक कन्हैया अग्रवाल ने कहा, दानी स्कूल-डिग्री गर्ल्स कालेज मार्ग पर बूढ़ातालाब के बने पाथवे पर रोजाना सुबह-शाम सैकड़ों नागरिक सेहतमंदी के लिए आते हैं। उस पाथवे को घेरकर चौपाटी बनाई जा रही है। यदि इसे नहीं रोका गया, तो आने वाले दिनों में ऐतिहासिक सरोवर का व्यवसायीकरण होते देर नहीं लगेगी। पिछले 20 साल से चौपाटी निर्माण के विरोध में अनेक आंदोलन हुये हैं। 2010 में चौपाटी निर्माण का विरोध के बाद काम रोका गया था। 2020 में नगर निगम ने इस पूरे प्रोजेक्ट को ही रद्द कर दिया था। नई सरकार बनते ही कोर्ट के आदेश का हवाला देकर अनुबंधित कंपनी द्वारा अचानक चौपाटी निर्माण का काम तेजी से प्रारंभ किया गया है। फाउंडेशन के सदस्यों ने महापौर मीनल चौबे से मुलाकात कर इसकी जानकारी दी थी।



- सत्यमेव जयते फाउंडेशन, ग्रीन आर्मी, हर की पौड़ी ग्रुप ने चलाई मुहिम
- दानी स्कूल, दूधाधारी कन्या महाविद्यालय एंट्री पाइंट पर रूफ टॉप कैफे का ढांचा तैयार

### सरोवर का अस्तित्व खतरे में

चौपाटी निर्माण का विरोध करने पहुंचे बूढ़ापारा के निवासी और सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. अजीत डेग्वेकर ने बताया कि मुंबई की एमएमपी कंपनी को छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल ने लीज पर दिया है। लीज की शर्तों के अनुरूप जो कार्य होने है इसमें विरोध के बावजूद चौपाटी निमाण को स्वीकृति दी गई है। कंपनी के कर्ता-धर्ता तालाब की सफाई, सौंदर्यीकरण, एडवेंचर स्पोटर्स , बगीचे के उन्नयन इन सब कामो को छोड़कर केवल चौपाटी निर्माण में लगे हैं। इससे ऐतिहासिक सरोवर का अस्तित्व खतरे में है। यही नहीं चौपाटी जहां बनाई जा रही है उससे लगे हिस्से में छात्राओं का स्कूल, कालेज व हास्टल बना है इससे छात्राओं की निजता प्रभावित होगी। क्योंकि रूफ टॉप चौपाटी से विद्यालय का व्यू साफ नजर आयेगा। हर की पौड़ी ग्रुप के दीपक शर्मा ने कहा कि चौपाटी में शराब परोसने की अनुमति दी गई है। इससे हमारी बेटियों के लिए सबसे बड़ा सुरक्षा का खतरा है। इस पर तत्काल रोक लगाई जाये।

# रायपुर में होगी एबीवीपी की राष्ट्रीय कार्यकारी बैठक, 17 साल बाद मिली मेजबानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारी की बैठक इस बार राजधानी रायपुर में होगी। 28 मई से 2 जून तक यह आयोजन इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर में होगा। इस बैठक में देशभर से कुल 653 प्रतिनिधि भाग लेंगे, जिसमें सभी प्रांतों के अध्यक्ष, मंत्री, संगठन मंत्री, कोष प्रमुख , राष्ट्रीय स्तर के सभी आयाम गतिविधि के संयोजक एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य शामिल होंगे।

इस महत्वपूर्ण बैठक की व्यवस्थाओं को लेकर रायपुर महानगर की विशेष बैठक हुई, जिसमें एबीवीपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. आशुतोष मंडावी, क्षेत्रीय संगठन मंत्री चेतस सुखड़िया एवं खेलो भारत प्रमुख प्रदीप सिखावत उपस्थित रहे।



- 28 मई से 2 जून तक होगा आयोजन, देशभर से 653 प्रतिनिधि लेंगे हिस्सा

### सूरत में हुआ था पिछला आयोजन

एबीवीपी की पिछली राष्ट्रीय कार्यकारी बैठक का आयोजन गुजरात के सूरत में किया गया था। राजधानी में 2009 में कार्यकारी की राष्ट्रीय बैठक हुई थी। इस तरह से 17 साल बाद राजधानी रायपुर को दोबारा मेजबानी मिली है। देशभर से एबीवीपी के कार्यकर्ता रायपुर में जुटेंगे। बैठक में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की आगामी कार्यों की रूपरेखा तैयार करने के साथ ही नीतियों और छात्रहित के मुद्दों पर विचार-विमर्श होगा।

### वालंटियर के रूप में सेवा देंगे 200 कार्यकर्ता

प्रतिभागियों के ठहरने की व्यवस्था अग्रसेन धाम, सालासर बालाजी मंदिर एवं पंजाब केसरी भवन में सुनिश्चित की गई है। इसके अतिरिक्त 200 कार्यकर्ता व्यवस्थाओं में सहयोग करेंगे। रायपुर महानगर अध्यक्ष डॉ. अनुज शुक्ला को बैठक व्यवस्था प्रमुख एवं महानगर मंत्री श्री प्रथम राव फूटने को व्यवस्था सह-प्रमुख की जिम्मेदारी दी गई है। 7 अप्रैल 2025 को राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक के लिए अस्थायी कार्यालय का उद्घाटन करने का निर्णय लिया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान उपस्थित रहेंगे। इसके अतिरिक्त 28 मई को राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक के उपलक्ष्य में नागरिक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर रायपुर एवं छत्तीसगढ़ के गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया जाएगा तथा एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।

# जोन अध्यक्ष का चुनाव इसी सप्ताह, राठौर आज संभालेंगे जोन 2

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम के 9 जोन के अध्यक्ष का चुनाव इसी सप्ताह होगा। नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर 1 अप्रैल को प्रातः 11 बजे जोन 2 कार्यालय में पदेन अध्यक्ष का पदभार संभालेंगे। इस मौके पर वे जोन क्षेत्र में कार्यरत 50 स्वच्छता दीदियों को सम्मानित करते हुये उनका अभिनंदन करेंगे। इसके बाद श्री राठौर जोन के अधिकारियों, कर्मचारियों और पार्षदों की बैठक लेकर कार्यों की समीक्षा करेंगे।

दरअसल, निगम प्रशासन ने जोन का पुनर्गठन कर दिया है। इसके मुताबिक नगर निगम के सभी 10 जोन में 7-7 वार्ड हो गये हैं। इस पुनर्गठन में अब तक 5 वार्ड वाले जोन 3 में 2 नए वार्ड शामिल किये गये हैं। ये वार्ड दो जोन से विभाजित किये गये हैं। इसके साथ ही जोन अध्यक्ष के चुनाव का रास्ता साफ हो गया है।

सूत्रों के मुताबिक जोन अध्यक्ष का चुनाव इसी सप्ताह कराया जायेगा। जोन कमिश्नर निर्वाचन अधिकारी होते हैं और नामांकन की पूरी प्रक्रिया अपनाई जायेगी। भारतीय जनता पार्टी के 60 पार्षदों के बड़े बहुमत को देखते हुये एक भी जोन अध्यक्ष का पद विपक्षी दल को जाता नहीं दिख रहा है। पिछले कार्यकाल में भी दस जोन में से मात्र एक जोन में अध्यक्ष विपक्ष का रहा है।

- प्रात: 11 बजे पदेन अध्यक्ष का पदभार संभालेंगे
- 50 स्वच्छता दीदियों को करेंगे सम्मानित

# शराब दुकान पर खौली गांव में बवाल, सरपंच का आरोप बंधक बनाकर कराया साइन, तहसीलदार ने किया इंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शराब दुकान खोले जाने के प्रस्ताव को लेकर आरंग क्षेत्र के ग्राम खौली में बवाल मच गया है। आबकारी विभाग ने इस गांव में शराब दुकान खोलने के लिए प्रस्ताव बनाया है। इस प्रस्ताव पर सरपंच की सहमति लेने के लिए सत्ता पक्ष के लोगों द्वारा तहसीलदार और थाना प्रभारी के माध्यम से दबाव डाला जा रहा है, जबकि शराब दुकान के विरोध में पूरा गांव है।

इधर हरिभूमि ने गांव के सरपंच राजेंद्र कुमार टंडन से इस मामले में बातचीत की। उनका कहना है कि तहसीलदार विनोद साहू ने क्षेत्र के थाना प्रभारी की मौजूदगी में उसे 4 घंटे तक तहसील कार्यालय में बंधक बनाए रखा और दबाव बनाकर प्रस्ताव में साइन करा लिए हैं, वहीं दूसरी ओर इस मामले में तहसीलदार ने सरपंच को बंधक बनाकर साइन कराने से इनकार किया है। उनका कहना है कि सरपंच पहले गांव में शराब दुकान खोलने के पक्ष में था। अपनी सहमति जताते हुए ही सरपंच ने प्रस्ताव पर साइन किए हैं, लेकिन गांव के लोगों ने जब शराब दुकान का विरोध किया, तो वह भी ग्रामीणों को दिखाने के लिए झूठा आरोप लगा रहा है।

### पंचायत भवन में धरना प्रदर्शन आज

सरपंच ने बताया कि पूरा गांव चाहता है कि शराब दुकान उनके गांव में नहीं खुले। उनका कहना है कि उनके गांव में हाईस्कूल भी है। इस स्कूल में उनके गांव के अलावा आसपास के अन्य गांव के बच्चे भी पढ़ते हैं। अगर गांव में शराब दुकान खुली, तो बच्चों पर इसका खराब असर पड़ेगा। उन्होंने बताया कि दुकान के विरोध में पूरा गांव मंगलवार को पंचायत भवन में एकत्रित होकर इसके विरोध में धरना-प्रदर्शन करेगा।



### सरपंच के आरोप का विडियो वायरल

सरपंच राजेंद्र टंडन द्वारा तहसीलदार पर लगाए गए आरोप का विडियो भी वारयल हुआ है। इस विडियो में सरपंच ने कुछ मीडिया कर्मियों को दिए बयान में कहा है कि आबकारी विभाग ने गांव में शराब दुकान खोलने के लिए प्रस्ताव बनाया है। इस प्रस्ताव पर उसकी सहमति लेने के लिए पिछले कई दिनों से तहसील कार्यालय द्वारा उस पर दबाव बनाया जा रहा है। इस प्रस्ताव को लेकर सबसे पहले एसडीएम ने बुलाकर उससे बातचीत की थी। इस दौरान उसने प्रस्ताव का विरोध किया था। इसके बाद तहसीलदार विनोद साहू द्वारा भी दो-तीन बार प्रस्ताव पर सहमति देने की बात कही गई, लेकिन हर बार वह इनकार करता रहा। इस बीच तहसीलदार ने उसे बातचीत करने कार्यालय बुलाया, जहां थाना प्रभारी भी मौजूद रहे। कार्यालय में करीब 4 घंटे तक उसे जबरन बैठा कर रखा गया और डरा-धमका कर उस पर दबाव डालकर प्रस्ताव पर साइन करा लिए।

# धरने पर बैठे दिव्यांगों को पुलिस ने उठाया, मरीन ड्राइव से तूता धरना स्थल किया शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के तेलीबांधा स्थित मरीन ड्राइव पर 6 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे दिव्यांगजनों को पुलिस ने उठाया। इन्हें पुलिस ने मरीन ड्राइव से नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल शिफ्ट किया है। दरअसल, 6 सूत्रीय मांगों के प्रति शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराने प्रदेशभर के दिव्यांगजन 26 मार्च को मरीन ड्राइव से जयस्तंभ चौक तक स्वाभिमान पैदल मार्च निकालने के लिए एकत्रित हुये थे। पुलिस के रोके जाने के बाद से वे स्थल पर ही धरने पर बैठे थे और रविवार को उन्होंने प्रदर्शन भी किया था।

- 6 सूत्रीय मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना दे रहे थे

### प्रमुख मांग इस तरह से

0 फर्जी प्रमाणपत्र के आधार पर काम करने वाले दिव्यांगजनों का राज्य मेडिकल बोर्ड से दिव्यांगता का भौतिक परीक्षण कराकर फर्जी दिव्यांग शासकीय कर्मचारियों को बर्खास्त किया जाये।
0 दिव्यांगजनों को प्रतिमाह 5 हजार मासिक पेंशन देने और बीपीएल की बाध्यता समाप्त करने की मांग।
0 18 वर्ष से अधिक के अविवाहित दिव्यांग युवती को महतारी वंदन योजना का लाभ दिया जाये।
0 दिव्यांगजन विशेष भर्ती अभियान चलाकर जल्द शासकीय पद निकालते हुये विज्ञापन जारी किया जाये।
0 शासकीय दिव्यांग कर्मचारियों को पदोन्नति में 4 फीसदी आरक्षण देने की मांग।
0 बेरोजगार दिव्यांगों को बिना गारंटन लोने दिलाया जाये, कोरोनाकाल के पूर्व दिये गये सभी लोन माफ किया जाये।

## बिजनेस साइट

### 'यूपीआई एक्वायर' सुविधा का किया शुभारंभ



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक ने अपने नवीनतम डिजिटल उत्पाद 'यूपीआई एक्वायर' सेवा का उद्घाटन अटलनगर नवा रायपुर स्थित बैंक के कॉर्पोरेट कार्यालय में किया। इस अवसर पर बैंक के अध्यक्ष विनोद कुमार अरोरा, महाप्रबंधक, सहायक महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, क्षेत्रीय प्रबंधक रायपुर सहित सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के अधिकारी और बैंक के सम्माननीय ग्राहक उपस्थित थे। इस नई सेवा के अंतर्गत, बैंक के ग्राहक अब 'सीआरजीबी पे' मोबाइल एप और 'मर्चेंट क्यूआर कोड' के माध्यम से यूपीआई के जरिए डिजिटल लेन-देन कर सकेंगे। यह सुविधा 24/7 उपलब्ध होगी।


## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411


## पेज 11 के शेष ...

### जयपुर का होटल...

कैंपस स्थित अपना ब्रांच एनआईटी के बाजू स्थानांतरित कर दिया था। इसके बाद से बीते चार वर्षों से रविवि कैंटीन विहीन था। रविवि द्वारा तय किए कुछ खाद्य सामग्री के दाम सामान्य है, जबकि कुछ कीमतें मार्केट दर से अधिक है।

### पकौड़ा 70 रुपए...

की कीमतें अपेक्षाकृत अधिक हैं। छात्रों को यहां चीज व वेजिटेबल मैगी के 60 रुपए, दो नग बड़ा पाव के 50 रुपए, फ्रेंच फ्राइज के 60 रुपए, लस्सी के 45 रुपए देने होंगे। पकौड़ों की कीमतें भी अन्य महाविद्यालयों की तुलना में थोड़ी अधिक है। यहां चीज पकोड़े के लिए 70 रुपए, मिक्स पकोड़े के लिए 50 रुपए, पनीर पकोड़े के लिए 60 रुपए चुकाने होंगे। बर्गर के लिए 60 रुपए और पिज्जा के लिए 160 रुपए देने होंगे।

### गर्मी का असर, बोर...

पानी की आपूर्ति इस समय की जा रही है। शहर की जीवनदायिनी खारुन नदी में प्राकृतिक बहाव से आने वाला रॉ वाटर जनवरी में बंद होने के बाद से नगर निगम गंगरेल डेम से शहर के लिए पानी खरीद कर लोगों की प्यास बुझा रहा है। 70 वार्ड में रहने वाले 14 लाख आबादी के पेयजल की मांग के हिसाब से जल विभाग को इन दिनों प्रतिदिन 300 क्यूसेक रॉ-वाटर की जरूरत पड़ रही है। जल विभाग ने इसकी पूर्व तैयारी कर रखी है। सिंचाई विभाग के साथ पूर्व में हुये एग्रीमेंट के अनुसार गंगरेल डेम में 3.1 टीएमसी रॉ वाटर सालभर की खपत के हिसाब से रायपुर शहर के लिए सुरक्षित रखा गया है।

### अंतिम दिनों में झेलनी...

इस बार पारा 43-44 डिग्री तक पहुंचने की पूरी संभावना है। इस बार भू-मध्य प्रशांत महासागर का जल सामान्य से अधिक गर्म है, जिसकी वजह से अल नीनो का प्रभाव है। इसकी वजह से तापमान सामान्य से अधिक रहेगा। अप्रैल के दूसरे पखवाड़े से गर्मी के अपनी चरम अवस्था में पहुंचने का अंदाजा लगाया जा रहा है ,जिसके बाद अंतिम दिनों में गर्मी अपने पीक पर रहेगी।

### सोना पहली बार...

फिर माह के अंतिम दिन 31 जनवरी को कीमत 84150 रही। फरवरी में करीब पांच हजार दाम बढ़े और कीमत 89 हजार तक गई। इसके बाद कीमत में कमी आई और फिर अब मार्च में कीमत में तेजी आती चली गई।

### रजिस्ट्री में बूम, टूटा...

आय भी ज्यादा हुई है। अंतिम दिन भी हाउसफुल अपॉइंटमेंट, 16 करोड़ कमाई की संभावनाः वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन भी रायपुर कार्यालय में अपॉइंटमेंट हाउसफुल है। सुबह 10 बजे से पंजीयन कार्यालय में रजिस्ट्री कराने वालों की भीड़ लगी हुई है। विभागीय अधिकारी के अनुसार अंतिम दिन होने के कारण जितने अपॉइंटमेंट लिए गए हैं, उन सभी की रजिस्ट्री रात 12 बजे से पहले की जानी है। जिस तरह से अपॉइंटमेंट लिए गए हैं, उससे अंतिम दिन भी 15 से 16 करोड़ रुपए की आय होने की संभावना जतायी जा रही है। हालांकि इसका आंकड़ा एक अप्रैल को ही मिल पाएगा।

### एक जिला और...

पांचवी की परीक्षाएं समाप्त हो चुकी हैं, जबकि आठवीं के छात्र 3 अप्रैल को अंतिम पर्चा हल करेंगे। दरअसल, सभी जिला शिक्षा कार्यालयों द्वारा सामान्य शासकीय विद्यालयों और इग्नाइट शासकीय विद्यालयों के लिए पृथक-पृथक प्रश्नपत्र छापे जा रहे हैं। सामान्य शासकीय विद्यालयों और इग्नाइट शासकीय विद्यालय, दोनों को ही सीजी बोर्ड से मान्यता प्राप्त है। सामान्य शासकीय विद्यालयों में राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा तैयार पाठ्यक्रम लागू होता है, जबकि इग्नाइट विद्यालयों में सीबीएसई के सिलेबस से पढ़ाई कराई जाती है। अलग-अलग पाठ्यक्रम से पढ़ाई कराए जाने के कारण ही एक ही कक्षा होते हुए दो पृथक-पृथक प्रश्नपत्र तैयार किए गए हैं। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा पूर्व में ही इस संदर्भ में सभी जिला शिक्षा कार्यालयों को दिशा-निर्देश दे दिए गए थे।

### 2017 में प्रारंभ हुए...

इसमें से प्रथम पहली से पांचवीं तक और द्वितीय छठवी से आठवीं तक के विद्यालय थे। इस तरह से प्रदेश में 360 इग्नाइट विद्यालय खोले गए। भाजपा सरकार द्वारा बच्चों को सीबीएसई पैटर्न के अनुसार अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा प्रदान करने के लिए इसे खोला गया था। कांग्रेस शासनकाल में भी यह विद्यालय संचालित होते रहे, हालांकि इनकी संख्या में वृद्धि नहीं की गई।


online Booking:-www.tripuryatra.com




By Train-रिजर्वेशन कोच
16 मई से 23 मई, 23 मई से 30 मई, 06 जून से 13 जून
25 जुलाई से 1 अगस्त 2025 (सावन में ) (8 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

नेपाल विदेश यात्रा

लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ , जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)

राशि:-स्लीपर 9,500/-, 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि लाइव
रायपुर, मंगलवार 1 अप्रैल 2025
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02

भगवान झूलेलाल की मूर्ति विसर्जित...

## सिटी इवेंट

# विश्व शांति के लिए 9 अप्रैल को होगा नवकार महामंत्र का जाप



**रायपुर।** हिन्दू नववर्ष के प्रथम मास, चैत्र मास के शुक्ल पक्ष के धार्मिक अवसर पर रायपुर में विश्व नवकार महामंत्र जप दिवस का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 9 अप्रैल को जैन दादाबाड़ी, महात्मा गांधी मार्ग, रायपुर में संपन्न होगा, जिसमें भारत सहित 38 देशों से लाखों श्रद्धालु जुड़ेंगे और विश्व शांति व कल्याण के लिए नवकार महामंत्र का जाप करेंगे। इसमें कोई भी समाज के लोग शामिल हो सकते हैं। कोई भी व्यक्ति रजिस्टर हो सकता है।श्री तिलोकचंद बरडीया संचालक, अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स, ए.टी. पैलेस, सिटी कोतवाली, ने बताया कि यह पावन महामंत्र जाप बुधवार, 9 अप्रैल 2025, प्रातः 08:01 बजे से 09:36 बजे तक आयोजित किया जाएगा। आयोजन की तैयारियाँ जोरों पर हैं।इस महायज्ञ को सफल बनाने के लिए विभिन्न समितियाँ कार्य कर रही हैं।

### राज्यपाल मुख्यमंत्री होंगे मुख्य अतिथि

*सोमवार को रायपुर चैप्टर की टीम ने बैठक ली, जिसमें आयोजन की रूपरेखा तय की गई। इस बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित किया जाएगा।*

## लाइव इवेंट

# बुजुर्गों के बीच फैमिली इवेंट से सजा उत्सव, गूंजे ठहाके




**रायपुर।** शहर के चितवन वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्ग माता-पिता के साथ समय बिताने के लिए आए दिन लोग आते-जाते रहते हैं। सोमवार की शाम बुजुर्गों के बीच अमिताभ और रूपाली दुबे ने फैमिली इवेंट का आयोजन किया। इसमें कपिल शर्मा शो की तर्ज पर हास्य-व्यंग्य, चुटकुले व लतीफों ने बुजुर्गों के बीच उत्सव का माहौल निर्मित किया। किसी ने अपने ही साथियों के बातचीत के तरीके की नकल की तो किसी ने गीतों और भजनों से इवेंट को रोचक बनाने का प्रयास किया। इस बीच में वातावरण को उल्लास से सजाने में उनकी देखभाल करने वाले प्रशांत पांडेय ने भूमिका निभाई। वृद्धाश्रम में निवास करने वाले सभी बुजुर्गों से वाकिब होने से इस इवेंट का हिस्सा बनने के लिए अवसर दिया।

### ठहाकों की गूंज से खास बना इवेंट

इस इवेंट का मुख्य आकर्षण एक विशेष संवाद सत्र रहा, जो कपिल शर्मा शो की तर्ज पर चला। इसमें बुजुर्गों ने साथ में रहने वालों से रोचक अंदाज में बात की। इस सत्र में आश्रम संचालक प्रशांत पांडेय मजाकिया और चुटीले सवाल पूछते और जवाब सुनकर माहौल ठहाकों से गूंज उठता था, क्योंकि जिससे वे संवाद करते थे, वह अपने साथियों के अंदाज में जवाब देता था। वृद्धाश्रम के बुजुर्गों ने रोचक सवालों का भरपूर आनंद लिया और ठहाकों की गूंज से इवेंट खास बन गया। इस सकारात्मक ऊर्जा से उन्हें संवादों के जरिए गुदगुदाने का प्रयास किया गया। इससे उन्हें फैमिली के बीच होने का सुखद अहसास भी मिला।

● मस्जिद से बाहर लोगों ने की जरूरतमंदों की मदद, बच्चों को ईदी में मिली कॉपी-पेन

# जश्न-ए-ईद : सेवई ने घोली रिश्तों में मिठास मस्जिद और ईदगाह में हजारों ने पढ़ी नमाज

रमजान के पाक महीने में 30 दिनों के कठिन रोजे के बाद सोमवार को खुशियों और आपसी भाईचारे का त्योहार ईद शहरभर में धूमधाम से साथ मनाया गया। इस मौके सभी मस्जिदों और ईदगाहों में विशेष नमाज अदा की गई। नए कपड़े पहनकर परिवार के पुरुष, बच्चे, युवा कुर्ता-पजामा पहने, सिर टोपी लगाए नमाज अदा करने के लिए मस्जिदों की ओर निकल पड़े। मस्जिदों और ईदगाह में एक से लेकर तीन जमातों में नमाज पढ़ी गई।



### पठानी सूट का आकर्षण

नमाज पढ़ने के लिए छोटे बच्चे भी अपने पिता, भाई के साथ पहुंचे। ज्यादातर युवाओं ने कुर्ता-पजामा, पठानी सूट धारण कर रखा था। एक सरीखा सूट पहने युवा आकर्षण का केंद्र रहे। कई लोगों ने मस्जिद के बाहर मीठी सेवइयां बांटकर ईद की खुशी मनाई। त्योहार को लेकर बाजार में भी दिनभर रौनक रही। खास अवसर पर महिलाओं ने जमकर खरीदारी की। इसके अलावा मिठाइयों और रेडिमेड कपड़ों की दुकानों में भीड़ रही।

### जनप्रतिनिधि भी पहुंचे बधाई देने

मस्जिदों में सभी लोगों ने सामूहिक रूप से देश में शांति, सुकून और भाईचारा कायम रहने की दुआ मांगी। रायपुर में ईदगाहभाठा समेत तमाम मस्जिदों में मुस्लिम अकीदतमंदों ने ईद की खास नमाज अदा की। इस दौरान मुस्लिम समाज के लोगों को वहां मौजूद कांग्रेस और बीजेपी नेताओं ने ईद की मुबारकबाद दी।



**रायपुर।** तीन जमात में नमाज पढ़ी गई, वहां सुबह से नमाज अदा करते का सिलसिला प्रारंभ हो गया था। इस दौरान एक साथ हजारों लोगों ने नमाज पढ़ी। नमाज पढ़कर परिवार, समाज, प्रदेश, देशवासियों की खुशहाली और अमन-चैन की दुआ मांगी गई। इसके बाद एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। सुबह 10 बजे से शाम तक अलग-अलग समय पर नमाज पढ़ी गई। ईदगाहभाठा में बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित करने ईदी के रूप में कॉपी और पेन दी गई।



### सेवइयों से कराया मुंह मीठा

राजधानी की मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज पढ़ने की विशेष व्यवस्था की गई थी। मस्जिद से बाहर जरूरतमंदों की मदद की गई और बच्चों को ईदी के रूप में नकद राशि दी गई। नमाज के बाद मुस्लिम मोहल्लों में घर-घर में ईद की खुशियां छाई रहीं। देर रात तक जान-पहचान के लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। मीठी सेवइयों से सबका मुंह मीठा कराया गया। मुस्लिम इलाकों में बैजनाथपारा, मौदहापारा, मोमिनपारा, राजा तालाब, संजय नगर, छोटापारा, बैरनबाजार, ईदगाहभाठा समेत अनेक इलाकों में देर रात तक विशेष रौनक रही। कई इलाकों में बच्चों के मनोरंजन के लिए झूलों की व्यवस्था की गई थी।



### घरों में दावत का दौर

ईद के अवसर शहर के मस्जिदों में आकर्षक लाइट से खास सजावट की गई थी। युवा, बुजुर्ग और बच्चों में नमाज अदा करने और ईदगाह जाने की खुशियां देखी गई। ईद की नमाज पढ़ने के लिए अलग-अलग मस्जिदों और मदरसों में समयसीमा पहले से ही तय कर दी गई थी। बच्चों में ईदी पाने की खुशियां देखी गईं। पर्व के अवसर पर लोगों ने घरों में दावत दी। मीठी सेवइयां व भोजन परोसे गए ।



# सिंगिंग आइडल में मशहूर गीतों से बिखेरा सुरों का जलवा

**रायपुर।** बाबा साहब आंबेडकर सार्वजनिक जयंती समारोह रायपुर आयोजित रायपुर सिंगिंग आइडल-2025 का सोमवार को प्रेस क्लब रायपुर में सेमीफाइनल संपन्न हुआ। इस दौरान निर्णायक के रूप में जितेंद्र भिवंडे, रजत दत्ता और संजय सिंह ने प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया। सेमीफाइनल में उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाने वाले टॉप 10 प्रतिभागियों का चयन किया गया, जो फाइनल 5 अप्रैल को प्रेस क्लब में आयोजित किया जाएगा। सेमीफाइनल में प्रतिभागियों ने अपने गायन के जादू से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। किसी ने तुमसे मिलने की तमन्ना है तो किसी ने हर किसी को नहीं मिलता यहां प्यार, चला जाता हूं किसी की धुन में और दिल चीज क्या है, आप मेरी जान लीजिए जैसे मशहूर गीतों से अपने सुरों का जलवा बिखेरा।





### दुर्ग, धमतरी और भिलाई से भी आए प्रतिभागी

*समिति के अध्यक्ष नरेश गढ़पाल ने बताया, इस आयोजन में रायपुर, दुर्ग, धमतरी और भिलाई से प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने भी मौजूद होकर इस आयोजन का समर्थन किया। सेमीफाइनल में प्रतीक्षा वैद्य, भरत हरपाल, शिवानी सोनानी, दिव्या ठाकुर, रौनक मेश्राम, योगेश सोनी, प्रदीप सहारे, आर्यन सिंह, फरिश्ता पीटर, निमित्त मटियार ने जगह बनाई।*

# एम्स में नॉन- फैकल्टी के पदों पर निकाली भर्ती, 10 अप्रैल तक आवेदन

**रायपुर।** ऑल इंडिया इंस्टीयूट ऑफ मेडिकल साइसेंज नई दिल्ली ने नॉन-फैकल्टी (ग्रुप ए) के पदों पर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी किया है। संस्थान की ओर से जारी नोटिफिकेशन के अनुसार, भर्ती के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इच्छुक उम्मीदवार 10 अप्रैल 2025 तक वेबसाइट https://www.aiimsexams.ac.in/ पर जाकर पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं। एम्स दिल्ली की ओर से जारी सूचना के अनुसार, कुल 29 पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। इन पदों के लिए आवेदन फॉर्म स्वीकार करने के बाद, करेक्शन विंडो ओपन की जाएगी। यह 14 अप्रैल 2025 को ओपन होगी, जो कि 16 अप्रैल 2025 तक खुली रहेगी। इस दौरान अभ्यर्थियों को निर्धारित सेक्शन में चेंज करने होंगे। जानकारी के मुताबिक, सीनियर बायोकेमिस्ट, सीनियर केमिस्ट, सीनियर टेक्निकल एडिटर, एजुकेशनल मीडिया , बायोकेमिस्ट, केमिस्ट फॉर बायोकेमिस्ट्री, केमिस्ट्री फॉर न्यूकिल्यर मेडिसिन, चाइल्ड साइकोलॉजिस्ट, वेलफेयर ऑफिसर की भर्ती होनी है।

### विभिन्न चरणों में परीक्षा

*कैंडिडेट्स का सलेक्शन करने के लिए विभिन्न चरणों में परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत सबसे पहले अभ्यर्थियों को लिखित/सीबीटी परीक्षा में शामिल होना होगा। इसके बाद, अपलोड किए गए प्रमाणपत्रों के आधार पर योग्य उम्मीदवारों की पात्रता की जांच होगी। अंत में यानी तीसरे चरण में साक्षात्कार परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इस वैकेंसी से जुड़ी ज्यादा जानकारी के लिए अभ्यर्थी वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं।*

## राजस्थानी प्रजापति समाज महिला मंडल ने मनाया हिंदू नववर्ष

# गणगौर उत्सव में महिलाओं ने किया घूमर नृत्य नई बहुओं को दी परिवार में तालमेल की शिक्षा

**रायपुर।** शंकर नगर में राजस्थानी प्रजापति समाज के महिला मंडल द्वारा सोमवार को हिंदू नववर्ष, चैत्र नवरात्रि और राजस्थान के स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी सुहागिन महिलाओं ने सामूहिक रूप से गणगौर माता और ईश्वर पार्वती की पूजा-अर्चना की और सिंजारा किया। कार्यक्रम में महिलाएं पार्वती रूप में सजी, साथ ही राजस्थान का लोक नृत्य 'घूमर डांस' प्रस्तुत किया। विभिन्न क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन भी हुआ और समाज की महिलाओं का सम्मान किया गया। नई बहुओं को समाज और परिवार के साथ तालमेल में रहने की शिक्षा दी गई।



### शोभायात्रा में शामिल हुआ समाज

माहेश्वरी समाज गुढ़ियारी द्वारा गणगौर उत्सव उत्साह के साथ मनाया गया। शाम 6 बजे श्री महेश भवन से बग्घी पर बाजों के साथ माता की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें महिला व पुरुष पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। भजनों के साथ श्रीनगर रोड से गुढ़यिारी पड़ाव व मुख्य मार्गों से शोभायात्रा निकली, जिसमें समाजजनों से अपने अपने निवास पर माताजी की आरती की व सभी का स्वागत सत्कार किया। शोभायात्रा में समाज के नंदकिशोर सोनी, कैलाश, जीवनलाल, राजेश राठी, विजय राठी समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### पारंपरिक रीति-रिवाजों का किया पालन

राजस्थानी व्यंजन बनाए गए और कार्यक्रम पूरी तरह से राजस्थानी भाषा में आयोजित किया गया, जिससे राजस्थान के स्थापना दिवस को धूमधाम से मनाया गया। आपको बता दें कि 30 मार्च को राजस्थान का स्थापना दिवस मनाया जाता है, जब जोधपुर, जयपुर, जैसलमेर और बीकानेर रियासतों को मिलाकर ग्रेटर राजस्थान संघ का निर्माण हुआ था। कार्यक्रम में 200 से अधिक महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन करते हुए श्रद्धा और उल्लास के साथ भाग लिया। महिलाएं चुंदड़ी साड़ियों और नथ पहनकर पारंपरिक वेशभूषा में सज-धज कर पहुंचीं, जिसने उत्सव की शोभा और बढ़ा दी।



# भगवान झूलेलाल की मूर्ति विसर्जित, सजी 'पल्लव जी रात'

राजधानी में 10 हजार से ज्यादा स्थानों पर की गई थी मूर्ति स्थापना, चेट्रीचंड्र के बाद की भावपूर्ण विदाई





'भगवान झूलेलाल की आस्था में चेट्रीचंड्र के दूसरे दिन भी सिंधी परिवार रमे रहे। हर साल की तरह इस बार भी पांच दिनों तक चलने वाले उत्सव की श्रृंखला में बच्चों और युवाओं को संस्कृति से जोड़ने के लिए भगवान झूलेलाल की मूर्ति की स्थापना की गई थी। चेट्रीचंड्र के बाद सोमवार को घरों व मंदिरों से आराध्य देव की विधि विधान से पूजा-आरती के बाद भावपूर्ण विदाई दी गई। वहीं मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम में सिंधी गीतों से सजे झूलण जे पल्लव जी रात में समाजजनों ने शिरकत करते हुए इसका लुत्फ भी उठाया।'

**रायपुर।** चेट्रीचंड्र महोत्सव समिति की पहल पर सोमवार की रात मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में सिंधी गीत-संगीत की महफिल सजाई गई। झूलण जे पल्लव जी रात उत्सव को रंगारंग महोत्सव का रूप देने के लिए सिंगर राम नानवानी और करिश्मा वासरानी एंड ग्रुप ने सिंधी गीत-संगीत की ऐसी प्रस्तुति दी कि इसमें समाज के लोग देर-रात तक रमे रहे। रात 9 बजे शुरू हुए महोत्सव में कलाकारों ने भगवान झूलेलाल के जीवन प्रसंगों को भी नृत्य नाटिका के माध्यम से पेश किया। इसका लुत्फ उठाने के लिए हर वर्ग के लोग इसमें शिरकत करने पहुंचे। देर रात सिंधी गीतों की प्रस्तुति का दौर खत्म होने पर लोगों ने प्रेम भरी रसोई में खानपान का आनंद लिया। यह सिलसिला देर रात तक चलता रहा।

## पांच दिनों तक पूजा-अर्चना



सिंधु एकता संघ के प्रयास से सिंधी परिवारों द्वारा स्थापित की गई भगवान झूलेलाल की मूर्ति के विसर्जन से पहले परंपरा का निर्वहन किया गया। संघ के संस्थापक सुभाष बजाज, रमेश मिरघानी, चंद्र कुमार माखीजा ने बताया कि साईं लालदास की प्रेरणा से शुरू हुआ आयोजन इस बार भी गणेशोत्सव की तरह मनाया गया। सोमवार को सुबह से विसर्जन शुरू किया गया। अलग-अलग क्षेत्र में अपने स्तर पर लोगों ने विसर्जन किया। 5 दिनों तक कलश में रखे गए जल को घर में छिड़ककर भगवान झूलेलाल की मूर्ति की घर में परिक्रमा करवाई गई, ताकि घर की नकारात्मक ऊर्जा समाप्त हो जाए। सकारात्मक ऊर्जा घर में प्रवेश करे।

## मानव सेवा के लिए किया रक्तदान

*सिंधु शक्ति संस्था ने ईष्टदेव झूलेलाल साईं के प्रति समर्पण व्यक्त करते हुए शारदा चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इसमें सभी जाति-वर्ग के लोगों ने रक्तदान किया। आशीर्वाद ब्लड बैंक के सहयोग से यह आयोजन किया गया। इसमें 90 लोगों ने रक्तदान करते हुए मानवता की मिसाल पेश की। सभी रक्तदाताओं को सम्मान स्वरूप हेलमेट, प्रशस्तिपत्र, पौधे और गिफ्ट दिए गए। इस धर्म सेवा के लिए भी युवाओं को सम्मानित किया गया। संस्थापक किशोर आहूजा, अध्यक्ष मनोज डेंगवानी के साथ मुखी गुरनामल रोहरा ने इस आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया।*





## नम आंखों से दी गई विदाई

*बुजुर्ग, युवा और बच्चे सभी भगवान झूलेलाल की मूर्ति लेकर विसर्जन के लिए निकले तो एक दो तीन चार झूलेलाल की जय जयकार के नारों की गूंज रही। भगवान को नम आंखों से विदा करते हुए अगले बरस जल्दी आने का वादा लेकर नदी किनारे भगवान झूलेलाल की आरती पंजड़ा व अक्खे का मंत्र पढ़कर पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद मूर्तियों का विसर्जन किया गया। आयोजन सफल बनाने में कुमार बोधवानी, सुरेंद्र जेसरानी, रिक्की जुडानी, योगेश नानवानी, अमित मूलचंदानी ने सहयोग किया।*

आराधना

# मां परमेश्वरी के साथ शिव-शक्ति की 5 अप्रैल को निकलेगी शोभायात्रा



**रायपुर।** बिरगांव में देवांगन समाज के साथ भक्तों द्वारा हिंदुत्व की भावना को आगे बढ़ाने और हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में धर्म की ध्वजा लहराने के लिए 5 अप्रैल को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस अवसर पर मां परमेश्वरी के साथ ही शिव-शक्ति की भव्य शोभायात्रा आकर्षण का केंद्र होगी। निगम के मुख्य मार्ग से होते हुए शोभायात्रा बुधवारी बाजार पहुंचेगी। शिव-शक्ति के साथ मां परमेश्वरी की पूजा-अर्चना और अभिषेक में निगम क्षेत्र के हिंदू परिवार भक्तिभाव से इसमें शामिल होंगे। पूजन होगा। आयोजन के बारे में शिव-शक्ति साधना आराधना की मुख्य आयोजक सरला देवांगन और धर्म प्रचार समिति के मेंबर भीखम लाल देवांगन ने बताया कि हिंदुत्व की भावना से ओतप्रोत इस आयोजन में भारी तादाद में लोग शिरकत करेंगे।

## डिप्टी सीएम अरुण साव होंगे शामिल

आयोजन से जुड़े कमल देवांगन ने बताया कि 5 अप्रैल को समाज के पदाधिकारी के साथ भक्त परिवार बुधवारी बाजार में मां परमेश्वरी और शिव-शक्ति की भव्य शोभायात्रा में शिरकत करेंगे। मां परमेश्वरी मां दुर्गा स्वरूप शक्ति और शिव की साधना, आराधना की जाएगी। साथ ही औषधियुक्त जल से शिव-शक्ति का अभिषेक और पूजन किया जाएगा। हिंदुत्व की संस्कृति और भक्तिमय माहौल बनाने के लिए लोक कलाकार रिंकी देवांगन ग्रुप द्वारा भजन संध्या की प्रस्तुति दी जाएगी। ढोल-नगाड़े के साथ ही भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। डिप्टी सीएम अरुण साव के साथ अन्य पदाधिकारी और भक्त शामिल होंगे।

समाज लाइव

# अधिवेशन में नशा कर आने पर अब देना होगा जुर्माना



**रायपुर।** सामाजिक ताने-बाने और माहौल को बेहतर करने के लिए बड़गैहा कुर्मी क्षत्रिय समाज ने बड़ा निर्णय लिया है। अब अधिवेशन या बैठकों में जो भी सदस्य और पदाधिकारी मदिरापान कर या अन्य किसी तरह का नशा कर शामिल होंगे, ऐसे लोगों से समाज द्वारा जुर्माना लेने का फैसला लिया गया है। यह निर्णय समाज के रायपुर राज अंतर्गत धरसींवा में आयोजित अधिवेशन में लिया गया। रायपुर जिले के ग्राम टोर (बरबंदा) में आयोजित बैठक में और भी कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस संबंध में समाज के उपाध्यक्ष खुमान सिंह वर्मा ने बताया कि समाज के अधिवेशन में स्वास्थ्य, शिक्षा और समाज को कैसे मजबूती के साथ आगे बढ़ाया जाए, इस पर भी चर्चा की गई। प्रावीण्य सूची में शामिल प्रतिभावान बच्चों का सम्मान भी किया जाएगा।

## युवक-युवती परिचय सम्मेलन

इस वर्ष से विवाहयोग्य युवक युवतियों का परिचय सम्मेलन करने का भी निर्णय लिया गया है। महिलाओं की भागीदारी समाज में बढ़ाने के लिए संकल्प लिया है। समाज के सदस्य नशे से दूर रहें और अपने घर के साथ ही आसपास भी नशे के खिलाफ अभियान चलाएं। लोगों को जागरूक करने के साथ नशे से परिवार को बर्बाद होने से बचाना है। समाज के पदाधिकारी के संज्ञान में ऐसी बात आती है तो सदस्यों के यहां समाज के पदाधिकारी जाएंगे और उन्हें समझाएंगे। मुख्यधारा में लाने और नशे से दूर करने का भी प्रयास करेंगे। बैठक में प्रमुख रूप से समाज के संरक्षक शंकर वर्मा, अध्यक्ष हरिश्चंद्र वर्मा, उपाध्यक्ष खुमान सिंह वर्मा, सचिव भानुप्रताप वर्मा, थानसिंह वर्मा, किरण सिंह वर्मा, आलेख वर्मा शामिल थे।

# लोकमाता अहिल्यादेवी ने राष्ट्र की एकात्मता में निभाई महत्वपूर्ण भूमिका, देशभर में मंदिरों का कराया जीर्णोद्धार

**रायपुर।** लोकमाता अहिल्यादेवी होल्कर त्रिशताब्दी जयंती समारोह समिति का छत्तीसगढ़ प्रांत समिति द्वारा सोमवार को रायपुर स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में व्याख्यान आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह रामदत्त चक्रधर ने कहा, हमारे देश ने समय-समय पर कई प्रतिकूलताओं का सामना करते हुए भी कई गौरवशाली कीर्तिमान स्थापित किए हैं। यह इस पवित्र भूमि में जन्म लेने वाली महान विभूतियों, संत व समाज सुधारकों के कृतित्व का परिणाम है। लोकमाता अहिल्यादेवी राष्ट्र की ऐसी ही एक प्रेरणापुंज हैं, जिनसे वर्तमान एवं भावी पीढ़ी को प्रेरणा प्राप्त करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि महापुरुषों के चरित्र को पढ़ने व स्मरण करने से राष्ट्र जीवन को दिशा मिलती है।

जीवन चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि वह एक सामान्य परिवार से थीं। उनके जीवन में तीन गुण ऐसे थे, जो उन्हें महान वीरांगना बनाते हैं। इनमें पहला गुण अभयम अर्थात साहस है। उनका राज्य बहुत विस्तृत था, कई बार उन्हें विद्रोह का सामना करना पड़ा, लेकिन लोकमाता ने अपनी अद्भुत सैन्य क्षमता से उसका स्थायी समाधान किया। उन्होंने संपूर्ण भारत को एकात्मता के सूत्र में बांधने का कार्य किया।




## हमेशा सनातन मूल्यों को जीती थीं



रामदत्त चक्रधर ने कहा कि लोकमाता ने महेश्वर में स्वदेशी उद्योग लगवाए। उनके जीवन चरित्र का एक गुण उनकी आध्यात्मिकता है। हम सब उनके चित्र को देखें तो उनके हाथ में शिवलिंग है। उन्होंने देशभर में मंदिरों का निर्माण व जीर्णोद्धार कराया। काशी, बद्रीनाथ, केदारनाथ, गया समेत अनेक स्थानों पर उन्होंने मंदिर बनवाए। पंढरपुर में यात्रियों के लिए वे भोजन व्यवस्था कराती थीं। न्याय के लिए तो वे प्रसिद्ध हैं ही, हमेशा सनातन मूल्यों को भी जीती थीं। श्री चक्रधर ने कहा कि भारत का यह स्वर्णिम कालखंड है। इस पीढ़ी को अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, 370 धारा के समाप्त होने समेत ऐसे अनेक गौरवशाली क्षण देखने को मिल रहे हैं, जिसके लिए हमारी पिछली पीढ़ियों ने संघर्ष किया।

## निबंध और रंगोली में दिखाई प्रतिभा

कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक टोपलाल वर्मा ने कहा, त्रिशताब्दी वर्ष के निमित्त छत्तीसगढ़ प्रांत में 1157 शिक्षण संस्थानों में व्याख्यानमाला, निबंध प्रतियोगिता, रंगोली निर्माण समेत अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें बड़ी संख्या में युवाओं व प्रबुद्धजनों की भागीदारी रही। त्रिशताब्दी जयंती समारोह आयोजन समिति के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व कुलपति नरेंद्र प्रसाद दीक्षित ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर आकर्षक नृत्य नाटिका का मंचन कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति सच्चिदानंद शुक्ल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक अभयराम, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति गिरीश चंदेल समेत बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।



# मैग्नेटो प्रीमियर लीग में विजेता को मिलेंगे 1 लाख रुपए

**रायपुर।** राजधानी मैग्नेटो मॉल में मैग्नेटो प्रीमियर लीग की शानदार शुरूआत हो चुकी है। इस विशेष टूर्नामेंट का उद्घाटन मैडमूव्स और शहीद भाई तरु सिंह फाउंडेशन द्वारा किया गया। इस मौके पर मैग्नेटो मॉल के सीईओ राज कुजुर ने बताया कि मैग्नेटो प्रीमियर लीग पूरे आईपीएल सीजन के दौरान मॉल में आयोजित किया जाएगा, जिसमें शहर के प्रमुख कॉर्पोरेट्स और रिटेलर्स ने भाग लिया है। इस टूर्नामेंट में विजेता टीम को 1 लाख रुपए का नकद पुरस्कार मिलेगा, जबकि उपविजेता टीम को 50 हजार रुपए ईनाम राशि दी जाएगी। यह प्रतियोगिता 1 से 1.5 महीने तक चलेगी, जिसमें क्रिकेट प्रेमियों को रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे।

## हर दिन होंगे रोमांचक मुकाबले

*मैग्नेटो प्रीमियर लीग के तहत प्रतिदिन 2 मैच खेले जाएंगे, जिससे पूरे आईपीएल सीजन के दौरान क्रिकेट का जबरदस्त उत्साह बना रहेगा। यह टूर्नामेंट हर साल मैग्नेटो मॉल में आयोजित किया जाता है और शहर के क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक बड़े आकर्षण का केंद्र बन चुका है। अनोखे टूर्नामेंट में हिस्सा लेने अब बड़ी संख्या में लोग पहुंचने लगे हैं।*

# स्वयंभू शीतला माता का 250 साल पूर्व कुंड के साथ दर्शन, महात्माओं की साधना स्थली रही

**बूढ़ेश्वर चौक स्थित मंदिर से जुड़ी लोगों की आस्था, स्वरूप के साथ मिले पिण्डों की पीपल के छांव में पूजा**

नवरात्रि विशेष

**रायपुर।** शहर के हर क्षेत्र में ग्रामदेवी के रूप में पूजी जाने वाली शीतला माता की महत्ता और उत्पत्ति से जुड़ी बातों को कम लोग ही जानते हैं। कई ऐसे प्राचीन शीतला मंदिर हैं, जहां माता का दर्शन लाभ लेने और पूजा भी करने जाते हैं, लेकिन उनकी प्राचीनता के बारे में नहीं जान पाते। इसे बताने के लिए जब बूढ़ेश्वर चौक स्थित शीतला माता मंदिर में कई पीढ़ियों से बतौर पुजारी सेवा करने वाले पीठाधीश्वर पं. नीरज सैनी से बात की गई तो महाराज ने बताया कि श्री बताया कि श्री शीतला माता मंदिर का निर्माण उसी स्थान पर हुआ है, जहां 250 साल पूर्व उनके स्वयंभू स्वरूप के साथ कुंड का दर्शन हुआ था। माता का जहां अभी श्रीधाम है, वहां पर पहले दलदलनुमा बगीचा था।

## श्रीमाली दंपति ने बनवाया था मंदिर



पं. सैनी ने आदिशक्ति धाम और मंदिर निर्माण को लेकर बुजुर्गों से सुनी बातों का जिक्र करते हुए बताया कि इसका निर्माण करीब 250 साल पहले स्व. राजरानी श्रीमाली और उनके पति ने कराया था। शीतला माता ग्रामदेवी होने से बड़ी शीतला माता के नाम से प्रसिद्ध हैं। जिस स्थान पर मंदिर का निर्माण श्रीमाली दंपति ने कराया, वहां पहले बगीचा था। जहां श्रीमाली परिवार द्वारा गृह निर्माण शुरू करने पर देवी ने स्व. राजरानी को स्वप्न में बताया कि मैं शीतला माता हूं। जहां घर बनवा रहे हो, वह देव स्थान है। खुदाई करके मुझे बाहर निकालो और मंदिर बनाओ।

## पति ने घर बनवाने का बदला निर्णय

स्वप्न के बारे में स्व. राजरानी ने जब पति को बताया तो उन्होंने घर बनवाने का निर्णय बदला। निर्देशित स्थान की खुदाई कराने पर स्वयंभू स्वरूप में श्री शीतला माता की कुंड सहित प्राप्त हुई। तब चारों तरफ खुदाई करने पर कई पिण्ड मिले। सभी को मंदिर परिसर में प्राचीन पीपल वृक्ष के नीचे विधि-विधान से स्थापित किया गया, जो आज भी यथावत है। इससे श्रद्धालुओं की आस्था भी जुड़ी है, लोग पूजा करने भी पहुंचते हैं। पं. सैनी ने बताया कि पुरातत्वविद इन मूर्तियों को 5वीं शताब्दी का बताते हैं। महात्माओं की साधना स्थली क्षेत्र को बताते हैं।



ज्योतिष

# अनामिका उंगली देती है धन और सफलता के संकेत



हस्तरेखा शास्त्र एक प्राचीन विधा है, जिसके माध्यम से शरीर की बनावट और हाथ की रेखाओं का अध्ययन कर व्यक्ति के भविष्य और स्वभाव से संबंधित जानकारी प्राप्त की जाती है, जिस तरह हस्तरेखा विज्ञान में हथेली की रेखाओं का अध्ययन किया जाता है, उसी प्रकार उंगलियों की बनावट और उनकी विशेषताओं से भी कई अहम बातें जानी जा सकती हैं। हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार हाथ की तीसरी उंगली, जिसे अनामिका या रिंग फिंगर कहा जाता है, व्यक्ति के स्वभाव, कॅरियर और आर्थिक स्थिति को दर्शाती है। यह उंगली कई अहम पहलुओं के बारे में बताती है। आइए विस्तार से जानते हैं कि अनामिका उंगली का आकार और उस पर बनी रेखाएं क्या संकेत देती हैं।

**अनामिका उंगली पर सीधी रेखा** : यदि आपकी अनामिका उंगली पर एक सीधी खड़ी रेखा हो, जो पहले पर्व तक पहुंचती हो, तो इसे भाग्यशाली संकेत माना जाता है। ऐसे व्यक्ति आर्थिक रूप से संपन्न होते हैं और जीवन में धन-धान्य प्राप्त करते हैं। अगर किसी व्यक्ति की अनामिका उंगली के आधार पर कुछ सीधी खड़ी रेखाएं हों, तो यह इस बात का संकेत है कि वह अपने जीवन में सुख-सुविधाओं से परिपूर्ण रहेगा। वहीं यदि ये रेखाएं पहले पर्व से आगे बढ़कर उंगली के जोड़ तक पहुंचती हैं, तो ऐसा व्यक्ति अपनी वाणी से दूसरों को प्रभावित करने की क्षमता रखता है।

**उंगली का लंबा होना** : यदि किसी की अनामिका उंगली तर्जनी उंगली (इंडेक्स फिंगर) से लंबी है, तो यह इस बात को दर्शाता है कि व्यक्ति आत्मसम्मान से भरपूर होता है। साथ ही ऐसे व्यक्ति अपने जीवनसाथी की ओर विशेष आकर्षण रखते हैं और उनके प्रति समर्पित रहते हैं। यदि किसी व्यक्ति की अनामिका और तर्जनी उंगली समान लंबाई की होती है, तो यह इस बात का संकेत देता है कि वह अपनी स्वतंत्रता को अत्यधिक महत्व देता है। ऐसे लोग न तो दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप करना पसंद करते हैं और न ही अपने निजी जीवन में किसी की दखलंदाजी स्वीकार करते हैं।

## इस सप्ताह वृषभ समेत इन तीन राशि वालों पर बरसेगी मां दुर्गा की कृपा, हर क्षेत्र में होगा लाभ



31 मार्च से नए सप्ताह की शुरुआत हो चुकी है, जो 6 अप्रैल तक रहने वाला है। ये पूरा हफ्ता मां दुर्गा की पूजा-अर्चना को समर्पित है। इस दौरान देवी के पूरे नौ स्वरूपों की उपासना के साथ-साथ भजन-कीर्तन, जागरण व उपवास किया जाएगा। वहीं, ज्योतिषियों के अनुसार इस सप्ताह बुध और शुक्र की मीन राशि में युति से विशेष रूप से प्रभावित होगा। ऐसे में यह सप्ताह इन चार राशि वालों के लिए बेहद लकी साबित होगा। इन जातकों को देवी दुर्गा की विशेष कृपा भी प्राप्त होगी, जिसके प्रभाव से इन्हें नौकरी, व्यापार, सेहत और करियर में लाभ मिल सकता है।

**वृषभ** : यह सप्ताह वृषभ राशि वालों के लिए बेहद खास है। आपको लाभ की योजनाओं से जुड़ने का अवसर प्राप्त हो सकता है। यदि पूर्व में कोई निवेश किया था, तो इस सप्ताह उसमें मनचाहा लाभ प्राप्त होगा। परीक्षा-प्रतियोगिता की तैयारी में जुटे छात्रों को किसी शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। सेहत और संबंध को लेकर विशेष चल रही दिक्कतें अब दूर होंगी। प्रेम संबंध को मधुर बनाए रखने के लिए साथी किसी ट्रिप का प्लान करेंगे। अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के इस सप्ताह कई अवसर आपके मिलने वाले हैं।

**सिंह** : ज्योतिषियों के अनुसार यह नया सप्ताह आपके लिए लाभ के अवसरों से भरा रहेगा। कार्यक्षेत्र में गुप्त शत्रुओं से यदि कोई परेशानी चल रही थी, तो अब वह हल होगी। रिश्ते-नाते को अनुकूल बनाए रखने के लिए आपके प्रयास सफल होंगे। व्यापार के प्रति आपकी ईमानदारी समाज में अच्छी छवि का निर्माण करेगी। व्यापारी वर्ग के लोगों के लिए लाभ की दृष्टि से यह समय बेहद अच्छे रहने वाला है। पारिवारिक मामलों में भी आपको अपने जीवनसाथी का पूरा सपोर्ट मिलने वाला है। घर में खुशी का माहौल रहेगा।

**तुला** : तुला राशि वालों के लिए यह समय अधिक शुभ साबित होगा। कारोबारियों के लिए इस सप्ताह नए द्वारा खुलेंगे। आप अपने करियर-कारोबार को एक नई दिशा देने में भी कामयाब होंगे। कार्यों के प्रति जोश और पराक्रम आपकी एक अलग पहचान बनाएगा। सिंगल लोगों की मनचाहे व्यक्ति से नजदीकियां बढ़ेंगी। परिवार से जुड़ा कोई भी बड़ा फैसला लेते समय आपको परिजनों का सहयोग मिलेगा।

**मकर** : यह नया सप्ताह मकर राशि वालों के लिए फलदायी रहने वाला है। माता की कृपा से आपको प्रत्येक कार्य में सफलता हासिल होगी। यदि आप बेरोजगार हैं, तो आपको रोजी-रोजगार से जुड़े अवसर मिलेंगे। वहीं व्यवसाय से जुड़े लोगों को अधिक लाभ कमाने का मौका मिल सकता है। प्रेम-संबंध में प्रगाढ़ता आएगी। लव लाइफ के लिए सप्ताह बहुत ही शुभ साबित होगा।

लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी को स्वास्थ्य समस्या की मुख्य वजह

# हृदय रोगियों के लिए 'गुड न्यूज', इस उपाय से 20% तक कम हो सकता है हार्ट अटैक से मौत का खतरा

हृदय रोगों का खतरा दुनियाभर में तेजी से बढ़ता हुआ देखा जा रहा है, 30 से कम उम्र के लोग भी इसका शिकार हो रहे हैं। लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी को स्वास्थ्य विशेषज्ञ इस बढ़ती समस्या की मुख्य वजह मानते हैं। इसके अलावा जिन लोगों का ब्लड प्रेशर या कोलेस्ट्रॉल अक्सर बढ़ा हुआ रहता है, उनमें हृदय से संबंधित बीमारियों और गंभीर स्थितियों में हार्ट अटैक होने का खतरा अधिक हो सकता है। हार्ट अटैक जानलेवा स्थिति है जो हर साल लाखों लोगों की मौत का कारण बनती है।



### अध्ययनों में देखी गई इसकी प्रभाविकता

आमतौर पर डॉक्टर हाई कोलेस्ट्रॉल को कम करने के लिए रोगियों को स्टैटिन लेने की सलाह देते हैं। उसके बाद शरीर पर दवा का क्या असर हो रहा है, इसके आकलन के बाद कम से कम दो महीने बाद एजेटीमीब देते हैं। भारत सहित दुनियाभर के विभिन्न संस्थानों के शोधकर्ताओं ने 14 अध्ययनों में एक लाख से अधिक ऐसे रोगियों के डेटा का विश्लेषण किया जिन्हें हार्ट अटैक या स्ट्रोक होने का खतरा अधिक था। एजेटीमीब भी दिया जाए तो इससे जानलेवा समस्याओं के जोखिमों को काफी कम करने में मदद मिल सकती है।

### हार्ट अटैक के खतरे को 16% तक कर सकती है कम

शोधकर्ताओं का कहना है कि ये उपाय हर साल हृदय रोगों से होने वाली हजारों मौतों को रोकने में मददगार हो सकता है। इन दोनों दवाओं का संयोजन अकेले स्टैटिन की तुलना में हृदय संबंधी समस्याओं से मौत के खतरे को 19-20% तक कम कर सकती है। इससे स्ट्रोक के जोखिमों को भी 17% कम करने में मदद मिल सकती हैं। शोधकर्ताओं ने कहा, ये दवाएं प्रभावी पाई गई हैं। हालांकि, बिना पूरी जांच या डॉक्टर की सलाह के बिना खुद से इसे नहीं लिया जाना चाहिए। स्टैटिन के साथ आपको एजेटीमीब देना है या नहीं ये डॉक्टर निर्धारित करें।

### हार्ट अटैक होने पर तुरंत ले सकते हैं ये दवा

इससे पहले कानपुर हृदय रोग संस्थान के डॉक्टर नीरज कुमार ने दवाओं की एक ऐसी किट के बारे में बताया था जो हार्ट अटैक के समय में 'संजीवनी' साबित हो सकती हैं। डॉक्टर नीरज कहते हैं, किसी को हार्ट अटैक होने पर तुरंत तीन दवाएं दे दी जाएं तो उसकी जान बचने की संभावना काफी बढ़ सकती है। ये दवाएं उसी तरह से काम करती हैं जैसे हार्ट अटैक के बाद अस्पताल में भर्ती होने पर दी जाने वाली दवाएं। हार्ट अटैक के लक्षण दिखने पर तुरंत दो इकोस्प्रिन, एक रोसुवास्टेटिन खा लें। इसके बाद सोब्रिट्रेट की टेबलेट को जीभ पर रखकर उसे चूसें। इससे मरीज की जान बचाई जा सकती है। इन दवाओं की कीमत 6-7 रुपये होती है। यानी सात रुपये में आप अपनी जान बचा सकते हैं। हालांकि, इसके लिए भी पहले से अपने डॉक्टर से सलाह ले लें।

## गर्मियों के मौसम के लिए रामबाण जूस है ये, पेट को से लेकर स्किन के लिए है हेल्दी



गर्मी के मौसम में पेट ठंडा रखने के लिए नींबू पानी, गन्ने का जूस, नारियल पानी, पपीते जूस के अलावा बेल का शरबत भी लोग खूब पीते हैं।क्योंकि इसमें पाए जाने वाले पोषक तत्व आपके पेट को ठंडा रखने के साथ सेहत को कई लाभ पहुंचाते हैं, जिसके बारे में हम आपको आगे आर्टिकल में बताने जा रहे हैं। फायदे जानने के बाद आपको यह समझ आ जाएगा आखिर लोग गर्मी के सीजन में इस फल को इतना अहमियत क्यों देते हैं।

### गर्मी के मौसम में क्यों पीते हैं बेल का जूस

पाचन तंत्र मजबूत करने में बेल का जूस बहुत मददगार हो सकता है। गर्मियों के मौसम अकसर लोग अपच, गैस, कब्ज और एसिडिटी से परेशान रहते हैं, ऐसे में फाइबर और टैनिन पाचन क्रिया को दुरुस्त करने में आपकी मदद करते हैं।यह आपकी आंत की डीप क्लीनिंग करता है।

गर्मी के मौसम में शरीर में पानी की कमी हो जाती है, ऐसे में बेल का जूस आपके शरीर को हाइड्रेट करता है। इससे आपकी शरीर को ऊर्जा मिलती है जिससे लू से आप बच सकते हैं।

इसके अलावा यह जूस आपकी इम्यूनिटी को मजबूत करता है। यह आपके शरीर को बीमारियों से लड़ने की क्षमता को भी विकसित करता है। साथ ही सर्दी, जुकाम और वायरल इंफेक्शन से बचने में भी मदद कर सकता है।

त्वचा और बालों के लिए भी यह बेल का शरबत बहुत लाभकारी होता है। इसके अलावा, यह मुहांसे, दाग-धब्बों और सनबर्न से भी बचाने का काम करता है। वहीं, बेल में मौजूद पोषक तत्व बालों को मजबूती देते हैं और रूसी की भी समस्या को दूर कर सकते हैं।

## व्रत में खाना है रायता तो ये हैं पांच बेस्ट विकल्प, आसान है इन्हें बनाने का

चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ हो गया है। इन नौ दिनों में माता रानी के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है। कहा जाता है कि जो भी भक्त सच्चे मन से मां दुर्गा की आराधना करता है, उनकी हर मनोकामना पूरी होती है। इसलिए बहुत से भक्त नौ दिन उपवास भी रखते हैं। नौ दिन के इस व्रत में क्या सेवन करना है, इसको लेकर लोगों में काफी संशय रहता है।



अब जब गर्मी भी भीषण पड़ने लगी है, तब आपको ऐसे पकवानों का सेवन करना चाहिए जो आपके शरीर को भई हाइड्रेट रखें। इसी के चलते हम यहां आपको पांच तरह के रायतों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्हें बनाना भी आसान है और इसके सेवन से आपको राहत मिलेगी।

**मखाने का रायता** : इसे बनाने के लिए आपको मखाने, दही, जीरा और सेंधा नमक की जरूरत पड़ेगी। रायता तैयार करने के लिए सबसे पहले मखानों को बिना घी के कढ़ाई में रोस्ट कर लें। जब ये सही से भुन जाए तो एक प्लेट में निकाल लें। अब दही को मिक्स करके उसमें भुना जीरा और सेंधा नमक और मखाने डाल दें। रायता बनाने के लिए ठंडा दही ही इस्तेमाल करें, ये आपके शरीर को ठंडक पहुंचाएगा।

**ककड़ी का रायता** : ककड़ी का रायता बनाने के लिए आपको कद्दूकस की हुई ककड़ी, दही सेंधा नमक, जीरा पाउडर और काली मिर्च की जरूरत पड़ेगी। इसे तैयार करने के लिए सबसे पहले दही को सेंधा नमक, जीरा पाउडर और काली मिर्च पाउडर डालकर मिक्स करें। आखिर में इसमें कद्दूकस की हुई ककड़ी डाल दें। चाहें तो ऊपर से रायता सजाने के लिए पुदीना की पत्तियां डाल सकते हैं।

**केले का रायता** : केले का रायता गर्मी के मौसम में आपको काफी राहत पहुंचाएगा। ये मीठा होता है, इसलिए इसके सेवन से आपका पेट भी भर जाएगा। इसे तैयार करने के लिए केले को छीलकर काट लें। अब दही में स्वादानुसार चीनी मिक्स करें। जब चीनी घुल जाए तो इसमें कटे हुए केले डालकर मिक्स कर दें। इससे आपके मुंह का स्वाद भी अच्छा हो जाएगा।

**खीरे का रायता** : गर्मी के मौसम में खीरा शरीर को राहत पहुंचाता है। ऐसे में आप खीरे का रायता बनाकर तैयार कर सकते हैं। इसे बनाने के लिए सबसे पहले खीरे की गंदगी निकालकर उसे छील लें।



## मोटापा के बारे में कितना जानते हैं आप, क्यों बढ़ रहा है इसका खतरा?

भारत में 100 मिलियन (10 करोड़) से अधिक लोग मोटापे का शिकार हैं। पर क्या आप इस बढ़ते स्वास्थ्य विकार को लेकर सावधान हैं, क्या आपको इसका कारण और जोखिम पता है?

मोटापा बढ़ने के क्या कारण हैं।

मोटापा एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है जिसका जोखिम दुनियाभर में देखा जा रहा है। अध्ययनों से पता चलता है कि जो लोग मोटापे का शिकार हैं, उनमें हृदय रोग, डायबिटीज यहां तक कि कैंसर का भी खतरा हो सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, अगर आपकी दिनचर्या और खान-पान ठीक नहीं है तो इससे आप भी वजन बढ़ने और मोटापे का शिकार हो सकते हैं।

बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी उम्र के लोगों में मोटापे की दिक्कत देखी जा रही है। एक आंकड़े के मुताबिक अकेले भारत में 100 मिलियन (10 करोड़) से अधिक लोग इसका शिकार हैं। पर क्या आप इस बढ़ते स्वास्थ्य विकार को लेकर सावधान हैं, क्या आपको इसका कारण और जोखिम पता है?मोटापे के लेकर हैरान कर देने वाली बातें

लाइफस्टाइल और खान-पान में गड़बड़ी को बढ़ते वजन के लिए प्रमुख कारक माना जाता रहा है। इसके अलावा कुछ प्रकार की अंतर्निहित स्वास्थ्य समस्याएं भी आपके वजन को बढ़ा सकती हैं। पर क्या आप जानते हैं कि शादीशुदा लोगों में मोटापे का खतरा अधिक रहता है?

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी ने अध्ययन के निष्कर्षों के आधार पर बताया कि अविवाहित पुरुषों की तुलना में विवाहित पुरुषों में मोटापे का जोखिम तीन गुना अधिक हो सकता है। पोलैंड में 50 वर्ष की औसत आयु वाले 2,405 लोगों के चिकित्सा डेटा के विश्लेषण में शोधकर्ताओं ने पाया कि शादी होने के बाद पुरुषों में वजन बढ़ने की आशंका 62% और महिलाओं में 39% अधिक हो जाती है। पूरी खबर पढ़ने के लिए यहां क्लिक करें



### कैसे बढ़ता है वजन?

डॉक्टर बताते हैं, आमतौर पर जो चीजें हमें स्वाद में अच्छी लगती हैं हम उसे चुनते हैं, जबकि हरी सब्जियों और ताजे फलों से दूर भागते हैं। आजकल लोगों के पास समय बहुत कम हैं इसलिए बहुत जल्दी-जल्दी खाना खाते हैं। जब आप भोजन को चबाते नहीं हैं या धीरे-धीरे नहीं खाते हैं तो इससे पेट भरने का एहसास नहीं होता है। ये ओवरइटिंग बढ़ा देती है, इससे आप अधिक खाने लगते हैं और समय के साथ मोटापे का शिकार हो जाते हैं।

### निष्क्रिय जीवनशैली

तीसरा शरीर को बहुत आराम देने की खराब आदत। लोग सीढ़ियों की जगह लिफ्ट का इस्तेमाल करते हैं। 100-200 मीटर जाने के लिए भी लोग गाड़ी लेकर निकलते हैं। इस तरह की निष्क्रिय जीवनशैली भी मोटापे को बढ़ा देती है। अगर इन तीनों में ही सुधार कर लिया जाए तो मोटापे से बचना आसान हो सकता है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## अमेरिकी सिंगर जेसिका सिम्पसन की बात सुन लोगों को आई घिन



अमेरिकी सिंगर ने खुलासा किया है कि वह अपनी आवाज बुलंद रखने और वोकल कॉर्ड का खास ख्याल रखने के लिए एक खास ड्रिंक पीती हैं। खास बात यह है कि इस ड्रिंक में सांप का स्पर्म मिला होता है। जेसिका ने इस वीर्य की तुलना शहद से कर दी है। मशहूर अमेरिकी सिंगर जेसिका सिम्पसन ने अपनी आवाज बुलंद रखने के लिए ऐसे सीक्रेट ड्रिंक का खुलासा किया है कि हर कोई दंग है। 'स्वीट किसेज' और 'इन द स्किन' की 44 साल की सिंगर ने दावा किया है कि वह अपनी वोकल कॉर्ड को बेहतरीन बनाए रखने के लिए चीनी जड़ी-बूटी से बना कॉकटेल पीना चाहती हैं, जिसमें सांप का स्पर्म होता है। जेसिका ने यह भी बताया कि इस ड्रिंक के बारे में उनके वोकल कोच ने उन्हें जानकारी दी थी। जेसिका सिम्पसन ने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने इस खास ड्रिंक के बारे में बात की। उनके फैंस तब चौंक गए, जब सिंगर ने बताया कि इस ड्रिंक में सांप के वीर्य भी रहते हैं। जेसिका सिम्पसन ने यह भी बताया कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी कि ड्रिंक में सांप के स्पर्म मिले होते हैं। लेकिन, जब उन्हें उनके एक दोस्त ने इसके इंग्रेडिएंट्स की लिस्ट दिखाई तो वह भी चौंक गई थीं। जेसिका ने कहा, 'तो, अगर आपको अच्छा वोकल चाहिए, तो आपको सांप का स्पर्म पीना होगा।'

### टॉलीवुड

## जूनियर एनटीआर के बाद अब इस साउथ हीरो संग दिखेंगी जाह्नवी कपूर



राम चरण की आने वाली फिल्म पेड्डी पिछले कुछ समय से फैंस के बीच दिलचस्पी का विषय बनी हुई है। बुची बाबू सना द्वारा निर्देशित इस स्पोर्ट्स ड्रामा में कपूर खानदान की एक लाड़ली स्टार भी है और यह 2026 में रिलीज होने की उम्मीद है। जहां अभिनेता के पहले लुक ने पहले ही सनसनी मचा दी है, वहीं निर्माताओं ने अब एक और अपडेट के साथ दर्शकों को एक्साइटेड कर दिया है। फिल्म निर्माता बुची बाबू सना ने अपने एक्स अकाउंट पर राम चरण का पेड्डी से एक नया पोस्टर साझा किया, जिसमें वे बिल्कुल भी पहचान में नहीं आ रहे है। गौर से देखने पर वे इसमें पुष्पा फिल्म के अल्लू अर्जुन की तरह दिख रहे है। उसी पोस्टर में भी ये भी बताया गया है कि फिल्म का पहला शॉट कब रिलीज किया जाएगा। निर्देशक ने घोषणा की कि मोस्ट अवेटेड झलक 6 अप्रैल को राम नवमी के शुभ अवसर पर रिलीज होगी। रिपोर्ट्स के अनुसार, राम चरण ने अपने ऑन-स्क्रीन चित्रण को बेहतर बनाने के लिए दोनों में ट्रेनिंग ली है। लेकिन उससे भी ज्यादा फैंस इसलिए क्साइटेड हैं, क्योंकि अब आरआरआर स्टार की आने वाली फिल्म में बॉनी कपूर की बेटी जाह्नवी कपूर स्क्रीन शेयर करेंगी। इससे पहले वे जूनियर एनटीआर के साथ दिख चुकी हैं और अब आरआरआर के दूसरे लीडिंग स्टार के साथ आने वाली है। राम चरण, जान्हवी कपूर के साथ पहली बार ऑन-स्क्रीन जोड़ी है। बता दें कि जान्हवी ने पिछले साल जूनियर एनटीआर की देवरा के साथ अपना तेलुगु डेब्यू किया था और दर्शक राम चरण के साथ उनकी केमिस्ट्री देखने के लिए एक्साइटेड है।

### भोजपुरी

## कितने भरोसेमंद हैं मोनालिसा को लेकर फिल्म बनाने वाले सनोज मिश्रा? हर फिल्म से जुड़ा रहा है विवाद



कुंभ मेले में वायरल हुई लड़की मोनालिसा को फिल्म ऑफर करने के बाद चर्चा में आए सनोज मिश्रा अब एक बार फिर से चर्चा में हैं। सनोज पर आरोप है कि उन्होंने एक युवती को फिल्मों में काम देने के बहाने उसका कई बार शारीरिक शोषण किया। इतना ही नहीं, सनोज उसे लगातार धमकियां भी देते रहे। इससे पहले भी सनोज के पूर्व साथी और फिल्म प्रोड्यूसर वसीम रिजवी ने उन पर कई आरोप लगाए हैं, जिनमें से एक यह है कि डायरेक्टर ने मोनालिसा को अपने जाल में फंसा लिया है। इस खबर में जानिए कौन हैं सनोज मिश्रा, कैसे इनकी लगभग हर फिल्म से एक विवाद जुड़ा हुआ है और क्यों अगस्त 2024 में ये आठ दिनों के लिए गायब हो गए थे? फिल्म जगत में एक छोटा सा नियम है। अगर अच्छा काम करके सुर्खियां न बटोर पाओ तो या तो कुछ विवादित मुद्दा उठाकर उस पर फिल्म बना लो या फिर किसी से विवाद करके सुर्खियां बटोर लो। ऐसे ही एक डायरेक्टर हैं सनोज मिश्रा जो इन दिनों महाकुंभ में वायरल हुई माला बेचने वाली लड़की मोनालिसा के नाम पर सुर्खियां बटोर रहे हैं। वैसे तो सनोज ने अपने करियर की शुरुआत कुछ भोजपुरी फिल्में डायरेक्ट करके की थी। इन फिल्मों में रवि किशन से लेकर पवन सिंह जैसे भोजपुरी सिनेमा के बड़े कलाकार भी नजर आए थे पर फिर ये ऐसे मुद्दों पर फिल्में बनाने लगे जो विवादित रहे हैं। सनोज की एक दो फिल्में छोड़ दें तो बाकी फिल्मों में अश्लील दृश्यों की भरमार है। कहीं युवाओं को ड्रग्स लेते और शराब पीते दिखाया है तो कहीं युवाओं को गलत काम करते हुए पेश किया है। चाहे इनकी फिल्म 'लफंगे नवाब' हो, 'शशांक' हो या 'गांधीगिरी'। इन सभी फिल्मों में ऐसे गंदे दृश्यों की भरमार रही है। इनके ट्रेलर देखें तो ऐसा लगता है जैसे कोई बी-ग्रेड फिल्म हो। 2023 में सनोज ने बॉलीवुड अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत के निधन के मामले को भुनाने की कोशिश की। उन्होंने इस मामले पर आधारित फिल्म 'शशांक' बनाई। इसके अलावा इनकी एक फिल्म 'काशी टू कश्मीर' बीते 7 सालों में अटकी है।

### लाइफ स्टाइल

## एवरग्रीन ब्यूटी दिखीं करिश्मा कपूर

लैक्मे फैशन वीक में डिजाइनर सत्या पॉल के डिजाइन कलेक्शन के लिए शो स्टॉपर बनीं करिश्मा का लुक हर किसी को इंप्रेस कर रहा है। 50 की हो गईं करिश्मा कपूर लेटेस्ट लुक में एवरग्रीन ब्यूटी नजर आ रही हैं। बोल्ड प्रिंट और स्ट्राईप वाले ब्लाउज में रनवे पर करिश्मा का करिश्मा देखने को मिला। करिश्मा कपूर डिजाइनर सत्या पॉल के कलेक्शन के लिए शो स्टॉपर बनी थीं। शर्ट स्टाइल ब्लाउज जिसमे ब्लैक एंड व्हाइट स्ट्राइप बने थे और साथ में बोल्ड प्रिंट की ब्लैक साड़ी को करिश्मा ने वियर किया था। जिसे ब्लैक बेल्ट के साथ पेयर किया गया था और ये साड़ी को स्ट्रक्चर्ड लुक दे रहा था। करिश्मा का ये कैजुअल साड़ी स्टाइल इंप्रेसिव है। वहीं. मेकअप ने लुक में ग्रेस ऐड किया। करिश्मा कपूर के इस सिंपल, एलिगेंट लुक को देखकर फैंस जमकर कमेंट कर रहे।




## रूखी है आपकी त्वचा तो गर्मी के मौसम में ऐसे रखें ध्यान, वरना होंगे परेशान

गर्मी के मौसम में त्वचा का सही से ध्यान रखना बेहद जरूरी हो जाता है। अगर ध्यान न रखा जाए तो मुंहासे, एक्ने और अन्य कई तरह की तमाम परेशानियां आपको घेर सकती हैं। खासतौर पर अब जब कुछ दिनों में लू चलने लगेगी, तब आपको और ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत पड़ेगी। हर किसी को अपने स्किन टाइप के हिसाब से ही त्वचा का ध्यान रखना चाहिए।

आज हम आपको बताएंगे कि रूखी त्वचा वालों को किस तरह से त्वचा का ध्यान रखने की जरूरत है। दरअसल, अक्सर लोगों को लगता है कि जिनकी त्वचा ड्राई होती है, उनको गर्मी में ज्यादा ध्यान नहीं रखना पड़ता, लेकिन ऐसा नहीं है। यहां हम आपको ड्राई स्किन वालों के लिए ही टिप्स देने जा रहे हैं।

**मॉइस्चराइजर है जरूरी :** अक्सर लोगों को लगता कि गर्मी में तो चेहरा अपने आप ही पसीने से भीगा रहता है तो मॉइस्चराइजर लगाना जरूरी नहीं है। जबकि ऐसा नहीं है। ड्राई स्किन वाले लोगों को गर्मी के मौसम में ऐसा मॉइस्चराइजर इस्तेमाल करना चाहिए, नॉन ऑयली हो। शिया बटर, एलोवेरा, और हाइलेरोनिक एसिड वाले मॉइस्चराइजर आपकी त्वचा को नम रखेंगे।



**सही से करें चेहरा साफ :** जिनकी त्वचा रूखी होती है, उन लोगों को भी कम से कम दिन में दो बार अपना चेहरा धोना चाहिए। चेहरा सही से न धोने पर चेहरे पर जमा गंदगी साफ हो जाएगी। जिसके बाद आपकी त्वचा मुंहासे जैसी समस्याओं का शिकार हो सकती है। इसलिए चेहरा धोना जरूरी है।

### सनस्क्रीन है जरूरी

ड्राई स्किन है तो त्वचा पर सनस्क्रीन का इस्तेमाल अवश्य करें। इस भीषण गर्मी के मौसम में कम से कम 40 एसपीएफ वाली सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें। यदि आप ऐसा नहीं करेंगे तो धूप की हानिकारक किरणों से आपकी त्वचा डैमेज हो जाएगी।

### फेस मास्क लगाएं

गर्मी के मौसम में ऐसे फेस मास्क का इस्तेमाल करें, जिसके इस्तेमाल से आपका चेहरा हाइड्रेट रहे। इस मास्क को बनाने के लिए एलोवेरा जेल और शहद मिलाकर चेहरे पर लगाएं। यह त्वचा को हाइड्रेट करता है और सूखापन दूर करता है।

### सही सीरम है जरूरी

गर्मी के मौसम में चेहरे पर सही सीरम का इस्तेमाल करना जरूरी होता है। इसके लिए हमेशा हाइड्रेटिंग सीरम का इस्तेमाल करें। हाइड्रेटिंग सीरम का उपयोग आपकी त्वचा को और भी ज्यादा नमी प्रदान करता है।

## गर्मियों में दिखना है अट्रैक्टिव तो जरूर रखें ये ब्यूटीफुल साड़ियां

फैशन



गर्मियों के मौसम में किसी खास मौके पर रेडी होना है और कॉटन की साड़ी नहीं पहनना चाहती हैं तो इन 6 तरह की साड़ी को हमेशा तैयार रखें। ये आसानी से ड्रैप होने के साथ ही कैरी करना भी आसान होती है और गॉर्जियस लुक देती हैं।

**गर्मियों के लिए बेस्ट साड़ी लुक :** डेली लाइफ में छोटे और स्पेशल मौकों पर समझ नहीं आता कि क्या पहनें। ऐसे में साड़ी का ऑप्शन बेस्ट रहता है। लेकिन साड़ियों में बहुत सारी वैराइटी आती है, ऐसे में समझ नहीं आता कि किस तरह की साड़ी छोटे फंक्शन में ना केवल खूबसूरत दिखे बल्कि पहनने में भी आसान हो। खासतौर पर गर्मियों में कंफर्टेबल और अट्रैक्टिव लुक के लिए ये 6 तरह की साड़ी जरूर पास रखें।

**प्रिंटेड शिफॉन साड़ी :** महिलाएं कॉटन की साड़ी की दीवानी रहती है। लेकिन बिना आदत के कॉटन की साड़ी कैरी करना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में आप आसानी से ड्रैप होने के साथ कैरी हो जाने वाली शिफॉन की साड़ी को चुनें। तमन्ना भाटिया की तरह पिंक फ्लावर प्रिंटेड की साड़ी को चुनें। प्रिंटेड शिफॉन की साड़ी किसी भी छोटे फंक्शन में पहनकर ब्यूटीफुल समर लुक कैरी कर सकती हैं।

**पेस्टल प्रिंटेड साड़ी :** समर सीजन में साड़ी पहनकर एफर्टलेस लुक चाहती हैं तो पेस्टल कलर की प्रिंटेड साड़ी को आलमारी में जरूर रखें। ये आपके ऑफिस से लेकर किसी भी मौके पर अट्रैक्टिव लुक देती है।

**नेट साड़ी :** किसी पार्टी में गॉर्जियस दिखना चाहती हैं और समर सीजन को ध्यान में रखना है तो नेट फैब्रिक की एंब्रायडरी वाली साड़ी को रेडी टू वियर रखें। नेट फैब्रिक आसानी से ड्रैप होने के साथ ही कैरी हो जाती है।



**ब्यूटीफुल ब्राइट कलर साड़ी :** यंग एज की लड़कियां किसी मौके पर समर में साड़ी पहनना चाहती हैं तो लाइटवेट ब्राइट कलर की साड़ी को वॉर्डरोब में जरूर रखें। वेडिंग पार्टी में इस तरह की साड़ी का लुक अट्रैक्टिव दिखता है।

**रेड या मरून शेड साड़ी :** न्यू वेडिंग वाली ब्राइड को वॉर्डरोब में रेड या मरून शेड की लाइटवेट साड़ी को जरूर रखना चाहिए। किसी स्पेशल मौके पर बिना हैवी वर्क वाली साड़ी के ये आपको नई नवेली दुल्हन वाला लुक देंगे और आप आसानी से लाइटवेट साड़ियों को कैरी भी कर पाएंगी।

**ब्लैक एंड व्हाइट साड़ी :** ऑफिस गोइंग वुमन हैं तो आलमारी में ब्लैक एंड व्हाइट शेड की शिफॉन या जॉर्जेट की साड़ी को जरूर रेडी रखें। ये किसी भी ऑफिस की पार्टी में आपको गॉर्जियस लुक दे सकती है।

## चिपचिपाहट भरी गर्मी में भी फ्रेश और ब्राइट दिखेगा चेहरा, बस घर पर बनाकर लगा लें



कौन नहीं चाहता कि उसकी स्किन ग्लोइंग, चमकदार, पिंपल फ्री और बेदाग हो. लेकिन बदलते मौसम के साथ ही जैसे-जैसे तापमान तेज होता है, गर्मी का असर स्किन पर सबसे पहले नजर आता है। सूरज की तपिश के कारण स्किन संबंधी समस्याएं बढ़ जाती है। ऐसे में गर्मी में चेहरे की देखभाल और ज्यादा जरूरी हो जाती है। धूप, पसीने, धूल मिट्टी से स्किन के पोर्स बंद होने लगते हैं और कील-मुंहासे, टैनिंग, पिगमेंटेशन, डल स्किन की समस्या बढ़ जाती है। ऐसे में गर्मियों में स्किन केयर बहुत ज्यादा जरूरी होती है।

### मुल्तानी मिट्टी का इस्तेमाल

मुल्तानी मिट्टी चेहरे के लिए बेहद फायदेमंद मानी जाती है। यह स्किन को ठंडक देती है। गर्मियों में हफ्ते में दो बार मुल्तानी मिट्टी का फेस पैक जरूर लगाएं. दो चम्मच मुल्तानी मिट्टी पाउडर में गुलाब जल मिलाएं. इसे अपने चेहरे पर 15 मिनट के लिए लगाएं. ये पैक ऑयली स्किन के लिए बहुत फायदेमंद होता है और चेहरे को ठंडक देता है।

### केले और पपीते का फेस पैक

केला और पपीता दोनों ही पोषक तत्वों का खजाना है। पके हुए केले और पपीते को मैश करके उसमें एक चम्मच शहद मिलाएं, इसे अपने चेहरे पर लगाएं. 20 मिनट तक सूखने दें इसके बाद गुनगुने पानी से धो लें. यह स्किन को मॉइश्चर देने का काम करता है, टैनिंग को कम करता है और स्किन को नेचुरली ग्लोइंग बनाता है।

### गुलाब जल से स्किन को रिफ्रेश करें

गर्मियों में टोनर के रूप में आप गुलाब जल का इस्तेमाल कर सकते है। यह स्किन को फ्रेश बनाए रखता है। रोज सुबह और रात में कॉटन की मदद से चेहरे पर गुलाब जल लगाएं या फिर एक स्प्रे बोतल में गुलाब जल भरकर स्किन के ऊपर स्प्रे करें।

## ब्लाउज के ये डिजाइन आपकी साड़ी में लगा देंगे चार चांद

ब्लाउज के लिए सही पैटर्न चुनना थोड़ा चैलेंजिंग होता है। आपके इसी काम को थोड़ा सा आसान बनाने के लिए हम कुछ फैंसी डिजाइन की फोटोज ले कर आए हैं। ये डिजाइन हर मौके के लिए बेस्ट रहेंगे।

**साड़ी को फैंसी लुक देंगे ये ब्लाउज :** अपने लिए सही साड़ी खरीदने के बाद सबसे चैलेंजिंग पार्ट होता है ब्लाउज पीस के लिए लेटेस्ट डिजाइन चूज करना। अब साड़ी भले ही कितनी डिजाइनर हो लेकिन उसका लुक तभी निखर कर आता है जब उसका ब्लाउज पीस सही से स्टिच कराया हो। आपके इसी काम को आसान बनाने के लिए हम यहां कुछ फैंसी नेकलाइन के पैटर्न ले कर आए हैं। ये सभी डिजाइन एकदम लेटेस्ट हैं और आपके ब्लाउज पीस को बहुत ही स्टाइलिश लुक देने वाले हैं।



**बैक पर बनवाएं डायमंड शेप :** ब्लाउज की बैक पर आप का तरह का डायमंड शेप कट वर्क करा सकती हैं। ये डिजाइन भी काफी यूनिक है और देखने में काफी स्टाइलिश भी लगेगा। समर्स के लिए भी इस तरह के डिजाइन परफेक्ट हैं।

**बैकलेस डोरी डिजाइन :** बैकलेस ब्लाउज का ट्रेंड कभी खत्म नहीं होता। ऐसे में आप अपने ब्लाउज के लिए इस तरह का डोरी वाला बैकलेस ब्लाउज स्टिच करा सकती हैं। इस तरह के ब्लाउज आपके लुक को बहुत ही स्टाइलिश बना देंगे।

**हार्ट शेप पैटर्न :** ब्लाउज की बैक पर आप ये खूबसूरत हार्ट शेप डिजाइन भी बनवा सकती हैं। ये देखने में काफी क्यूट लगेगा। बेस्ट बात है कि इस तरह का डिजाइन डेली वियर से ले कर पार्टी वियर साड़ियों के लिए भी बेस्ट रहेगा।

**ये डिजाइन भी है फैंसी :** ब्लाउज की बैक के लिए आप ये यूनिक डिजाइन भी चूज कर सकती हैं। ये डिजाइन आपकी कॉटन और शिफॉन की हल्की साड़ियों के लिए बेस्ट रहेगा।

कार्नर न्यूज

### आउटफिट के रंग और फैब्रिक को ध्यान में रखकर आकर्षक लुक भी पा सकती हैं

## समर में अपने स्टाइल से बिखेरें जादू ये आउटफिट आएंगे आपके काम

गर्मी के मौसम में अधिकतर लड़कियां ऐसे ऑउटफिट पहनना पसंद करती हैं, जो आकर्षक लुक देने के साथ-साथ गर्मी से भी बचाए। लेकिन, आप आउटफिट के रंग और फैब्रिक को ध्यान में रखकर न सिर्फ गर्मी को मात दे सकती हैं, बल्कि आकर्षक लुक भी पा सकती हैं। वहीं, यदि आप भी उनमें से एक हैं, जो हमेशा खूबसूरत दिखना चाहती हैं और स्टाइल से कोई समझौता नहीं करतीं, तो आपको इस साल का समर ट्रेंड जरूर जान लेना चाहिए।



### छाया रहेगा बोहो लुक

इस साल स्प्रिंग और समर सीजन के दौरान बोहो फैशन काफी चलन में रहेगा। समर सीजन में बोहो लुक एक बहुत ही स्टाइलिश और आरामदायक विकल्प होता है। इसमें हल्के, फ्लोइंग कपड़े, जैसे कि क्रॉप टॉप्स, डेनिम शॉर्ट्स और एथनिक प्रिंट्स वाली ड्रेसेस शामिल हैं। इस लुक को कैजुअल और फ्री-स्पिरिटेड बनाते हुए दुपट्टे, बेली बूट्स और फ्लैट सैंडल्स के साथ स्टाइल किया जा सकता है।

### शर्ट के जलवे

इस साल अगर आप स्टाइल और आराम, दोनों की तलाश में हैं तो बैगी शर्ट ट्राई कर सकती हैं। यह इस सीजन के सबसे हॉट ट्रेंड में से एक है। ओवरसाइज्ड, लूज और रिलेक्स्ड फिट वाली इन शर्ट्स को आप जींस, लूज फिटेड शॉर्ट, स्कर्ट या ब्रालेट के साथ पहन सकती हैं। इसके अलावा साल भर डुअल टोन शर्ट का ट्रेंड भी छाया रहेगा।

### स्ट्रैपलेस ड्रेस और एनिमल प्रिंट

ग्लैमरस लुक के लिए आप स्ट्रैपलेस या ट्यूब स्टाइल ड्रेस का चुनाव कर सकती हैं। इसमें आप फ्लोरल प्रिंट वाली स्ट्रैपलेस ड्रेस या नाइट पार्टी के लिए सीक्वेंस स्ट्रैपलेस ड्रेस पहन सकती हैं। इस समर एनिमल प्रिंट फैशन में एक बड़े ट्रेंड के रूप में उभरने वाला है। टाइगर, जेबरा और लेपर्ड प्रिंट्स को समर आउटफिट्स में देखा जाएगा।



### एसिमेट्रिकल ड्रेस और साड़ियां

एसिमेट्रिकल ड्रेस में अपसाइड डाउन स्कर्ट, फ्लोई स्कर्ट, वन शोल्डर टॉप जैसे फैशन का ट्रेंड भी देखा जा सकता है। यह ड्रेस कॉलेज गोइंग गर्ल्स को काफी ट्रेंडी लुक देगी। इसके अलावा अगर आपको साड़ी पहनना पसंद है तो आप कॉटन की पतली फ्लोरल साड़ियां पहन सकती हैं। ये आपको गुड लुकिंग दिखाने के साथ-साथ आरामदायक भी महसूस कराएंगी।

### सुकून देने वाले रंग

गर्मियों के मौसम में वॉर्डरोब में सफेद कलर के आउटफिट जरूर रखें। इस मौसम में सफेद रंग की बात ही अलग होती है। आप सफेद रंग की मैक्सी ड्रेस, शॉर्ट ड्रेस, लखनवी सूट, अनारकली सूट, साड़ी, शर्ट, पेंसिल स्कर्ट, ट्राउजर को ट्राई करके ट्रेंडी लुक पा सकती हैं। वैसे तो समर में फ्लोरल प्रिंट ज्यादा पसंद किया जाते रहे हैं, लेकिन आप इस बार लाइट कलर के साथ फ्लोरल प्रिंट ट्राई करें।